सुविचार

शब्द ही खुशी
शब्द ही गम,
शब्द ही परेशानी
शब्द ही सुलझन।

दैनिक
# गरीबों का सितारा
।। दशकों पुराना साथ।।
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज
RNI : RAJHIN13216/2005

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 अंकः 103 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, गुरुवार 9 नवंबर, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

## मेवाड़-वागड़ की 28 सीटों पर BJP की नजर, PM मोदी करेंगे चुनावी शंखनाद

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर**। राजस्थान में विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद अब बीजेपी सहित सभी राजनीतिक पार्टियों ने प्रचार-प्रसार में पूरी ताकत झोंक दी है। गृह मंत्री अमित शाह के बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के दौरे पर आ रहे है। ऐसे में जिला प्रशासन और प्रदेश बीजेपी ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। विधानसभा चुनाव की तारीख के ऐलान के बाद पीएम मोदी का राजस्थान में यह पहला दौरा है। बता दें कि राजस्थान की सियासत में मेवाड़ को सत्ता का प्रवेश द्वार माना जाता है। ऐसे में पीएम मोदी मेवाड़-वागड़ की 28 विधानसभा सीटों को साधने का प्रयास करेंगे। साथ ही 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव का शखनांद करेंगे।

जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी 9 नवंबर की शाम उदयपुर पहुंचेंगे। यहां पर वे बलिचा स्थित नई कृषि उपज मंडी मैदान में बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। बीजेपी का दावा है कि इस रैली में एक लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटेगी। इसके लिए बीजेपी के दिग्गज नेता जनसंपर्क में लगे हुए है। जनसभा में पीएम मोदी उदयपुर जिले की 8 विधानसभा



सीटों के प्रत्याशियों के समर्थन में वोट की अपील करेंगे। साथ ही मेवाड़-वागड़ में बीजेपी की मजबूती के लिए वोट बैंक को मजबूत करेंगे।

**अभी कैसी है मेवाड़ में बीजेपी की स्थिति ?:** मेवाड़-वागड़ में उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमंद और प्रतापगढ़ जिले आते है। इन 6 जिलों में 28 विधानसभा सीटों पर बीजेपी की पकड़ मजबूत पकड़ है। साल 2018 के विधानसभा चुनावों की बात करें तो 15 सीटों पर बीजेपी, 10 कांग्रेस और 3 पर अन्य का कब्जा है। वहीं, उदयपुर जिले की आठ सीटों पर भी पिछले कुछ समय से बीजेपी का वर्चस्व है। हालांकि, कांग्रेस भी कांटे की टक्कर दे रही है। उदयपुर जिले की दो सीटों को बीजेपी का तो दो को कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। वहीं, चार सीटों पर उलटफेर होता रहा है। गुलाबचंद कटारिया मेवाड़ के कद्दावर नेता रहे हैं। फिलहाल, वो राज्यपाल है। ऐसे में पीएम मोदी अपने उदयपुर दौरे से मेवाड़ में भाजपा के गढ़ को और मजबूती देंगे।

**उदयपुर में कल रहेगा 'नो फ्लाई जोन':** पीएम मोदी के उदयपुर दौरे के चलते जिला प्रशासन ने 9 नवंबर को उदयपुर जिले को ह्यनो फ्लाई जोनह्न घोषित किया है। पीएम मोदी की यात्रा को ध्यान में रखते हुए जिला मजिस्ट्रेट अरविंद पोसवाल ने धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए उदयपुर जिले में 9 नवंबर को सुबह 6 से 24 घंटे के लिए नो फ्लाई जोन घोषित किया है। इस दौरान उदयपुर जिले की संपूर्ण राजस्व सीमाओं में किसी भी प्रकार के हेलीकॉप्टर, यूएवी, ड्रोन, गुब्बारे आदि उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा। इस आदेश की अवहेलना करने वालों पर आईपीसी की धारा 181 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नाकांबदी के दौरान लोक परिवहन में मिली 'सोन की ईट', कीमत 50 लाख





सितारा न्यूज नेटवर्क

**दौसा**। राजस्थान में चुनाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग पूरी तरह से सख्त है। जगह-जगह पर नाकाबंदी की जा रही है। इस बीच दौसा जिले के महवा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक बस से 856 ग्राम सोने की ईंट जब्त की है। जिसकी कीमत बाजार में लगभग 50 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने बस में बैठे यात्रियों से पूछताछ की, लेकिन किसी भी यात्री ने सोने को अपना नहीं बताया। जिसके बाद पुलिस ने सोने की ईंट को जब्त कर बस को रवाना कर दिया गया।

### केबिन में रखी थी सोने की ईट

एसटीएफ अधिकारी हरिओम मीना ने मीडिया को बताया कि विधानसभा चुनाव के चलते नेशनल हाईवे 21 (जयपुर-आगरा हाईवे) स्थित टीकरी मोड पर नाकाबंदी की कर रखी थी। इस दौरान भरतपुर से जयपुर जा रही लोक परिवहन बस को रोका गया। जब सीआरपीएफ और पुलिस की टीम ने बस की जांच की तो उन्हें बस के केबिन में एक कुर्सी पर कपड़े में लिपटी सोने की ईंट रखी मिली। जिसके बाद अधिकारियों को सूचना दी गई।


### किसी भी यात्री ने अपना नहीं बताया

इस दौरान पुलिस टीम ने यात्रियों से सोने की ईंट के बारे में पूछताछ की, लेकिन किसी भी यात्री ने इसे अपना नहीं बताया। ईंट का वजन 856 ग्राम है। पूछताछ के बाद एसटीएफ की टीम ने बस को रवाना कर दिया। फिलहाल सोने की ईंट को लेकर जांच चल रही है।

## गुरुग्राम में चलती स्लीपर बस में लगी आग:दो की मौत, 12 लोग झुलसे; बस जयपुर से दिल्ली जा रही थी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**गुरुग्राम**। गुरुग्राम में बुधवार रात एक चलती स्लीपर बस में आग लग गई। हादसे में 2 लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि 12 लोग झुलस गए। घटना दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर झाड़सा फ्लाईओवर के पास रात 8.30 बजे हुई। जानकारी मिलते ही दमकल की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। 5 घायलों को मेदांता अस्पताल और 7 घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आग किस वजह से लगी, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।



## मोदी ने नीतीश के बयान को भद्दा बताया

### *घमंडिया गठबंधन के बड़े नेता कितना नीचे गिरेंगे, देश का अपमान करा रहे*

**दमोह/गुना/ मुरैना**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दमोह, गुना और मुरैना में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। गुना में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महिलाओं पर दिए बयान को भद्दा बताया। मोदी ने कहा, 'घमंडिया गठबंधन के एक बहुत बड़े नेता, जो इनका झंडा लेकर घूम रहे हैं, उन्होंने विधानसभा में माताओं-बहनों की उपस्थिति में ऐसी भद्दी भाषा में बातें कीं, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्हें कोई शर्म नहीं। कितना नीचे गिरेंगे। दुनिया में देश का अपमान करा रहे हैं।' 'इंडी अलायंस का एक भी नेता माताओं-बहनों के भयंकर अपमान के खिलाफ एक शब्द बोलने के लिए तैयार नहीं हुआ। ऐसा दृष्टिकोण रखने वाले आपका भला कर सकते हैं क्या?' इससे पहले दमोह की सभा में ढट ने दावा और वादा करते हुए कहा, 'ये मोदी की गारंटी है कि जब मेरा तीसरा सेवाकाल शुरू होगा, मैं इस देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया के टॉप-3 में लाकर रहूंगा।' कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 5 पांडवों वाले बयान पर पलटवार करते हुए मोदी ने कहा, 'मुझे गर्व है कि हम पांच पांडवों की राह पर चल रहे हैं।'

## राजस्थान के 'योगी' ने वसुन्धरा राजे को बताया भावी मुख्यमंत्री

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर**। तिजारा से भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद महंत बालकनाथ ने वसुंधरा राजे को भावी मुख्यमंत्री बताया है। दरअसल, सोमवार को बहरोड़ में बीजेपी प्रत्याशी डॉ.जसवंत यादव की नामांकन सभा आयोजित की गई थी। यहां पर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे थी। इस दौरान बीजेपी प्रत्याशी ने बहरोड़ विधायक और कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा।

महंत बालकनाथ ने अपने संबोधन की शुरूआत में राजे को राजस्थान की भूतपूर्व और भावी मुख्यमंत्री बताया। उन्होंने कहा, मैं अपना संकल्प दोहराने आया हूं कि बहरोड़ की जनता ऐसे अधर्मी को, जो अधर्म फैला रहा है, ऐसी पटखनी देनी है कि उनकी आने वाली पीढ़ियां सरपंच का चुनाव लड़ने से डरेगी। यहां के निर्दलीय विधायक और राष्ट्रीय जनता सेना के प्रत्याशी बलजीत यादव ने हमारी नई पीढ़ी को बर्बाद करने का काम किया है। इससे पहले राजे ने जनसभा को भी संबोधित किया। सांसद बालक नाथ के आगमन पर उन्होंने कहा कि हमारे संत-महात्मा हमारा समर्थन करते हैं। देखिये हमारा और आपका भाग्य कितना अच्छा है कि आप सांसद भी रहे और आगे विधायक भी बनेंगे और क्या पता हम कहां पहुंचेंगे।

चुनाव आयोग में दी शिकायत

## मुख्यमंत्री ने हलफनामे में छुपाए गंभीर अपराधिक मामले, गजेंद्र सिंह शेखावत का आरोप



**जयपुर**। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और भाजपा का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को सचिवालय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिला। इस दौरान चुनाव आयोग को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ शिकायत दी है। केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का आरोप है कि नामांकन फॉर्म 26 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा जानबुझकर दो अपराधिक प्रकरणों की जानकारी बाबत नामांकन पत्र में नहीं दी गई।

### दो अपराधित मामलें नहीं बताने का आरोप

केंद्रिय मंत्री द्वार दी गई शिकायत में दो मुकदमों का जिक्र किया गया है। एक जयपुर के गांधी नगर में दर्ज एफआईआर के बारें में जानकारी देते हुए शिकायत में लिखा गया है कि एफआईआर संख्या 400/2015 अंतर्गत धारा 188 400 420, 467, 468, 471, 120बी भारतीय दण्ड संहिता दर्ज हुई। शिकायत में कहा गया है कि यह प्रकरण वर्तमान में अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट, जयपुर के समक्ष विचाराधीन है तथा एक अन्य प्रकरण भी अशोक गहलोत के विरुद्ध विचाराधीन है जिसका भी विवरण उनके द्वारा नामांकन पत्र में नहीं दिया गया है।

### मामलों को छिपाने का काम- शेखावत

मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आगामी चुनाव के लिए जो अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। उस नामांकन पत्र में उन्होंने उनके खिलाफ संगीन अपराधों के तहत चल रहे मामलों को छिपाया है। इसमें जमीन घोटाला और किसी के घर में जबरन प्रवेश करने से संबंधित मामले शामिल हैं। राज्य के मुख्य चुनाव आयोग को हमने शिकायत दी है कि इसके खिलाफ कार्रवाई करें और समूचित कार्रवाई को सुनिश्चित करें। ये मानने और विश्वास करने का समूचित कारण है कि उन्होंने (अशोक गहलोत) जानते हुए इन मामलों को छिपाने का काम किया है।

### शिकायत में नामांकन रद्द करने की मांग

गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा दी गई शिकायत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नामांकन पत्र को तत्काल प्रभाव से खारिज करने की मांग की गई है। इसी के साथ मिध्या शपथ पत्र पेश करने के कारण सीएम गहलोत के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने का आदेश देने के लिए चुनाव आयोग से निवेदन किया गया है।

## जयपुर जिले में 9 प्रत्याशियों ने लिया नाम वापस

### राजनीति गलियारों में राजपाल को लेकर चर्चा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर**। राजस्थान चुनाव को देखते हुए बुधवार को पार्टियां बागी होकर निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों को मनाने में लगी रही। इस बीच आज जयपुर जिले की 19 सीटों पर नामांकन पत्रों की छंटनी के बाद शेष रहे 254 पात्र अभ्यर्थियों में से 9 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिये है। आदर्श नगर से सबसे अधिक तीन प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए गए हैं। वहीं, राजनीति गलियारों में चर्चा है कि जयपुर की झोटवाड़ा सीट से भाजपा से बागी होकर निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे राजपाल सिंह शेखावत भी अपना नाम वापस ले सकते हैं। बता दें कि कल नामांकन पत्र वापस लेने की अतिंम तारीख है ।निर्वाचन विभाग से आज जारी सूची के अनुसार विराटनगर से निर्दलीय प्रत्याशी सुंदर, आदर्श नगर से निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद नदीम,



रियाजुद्दीन और आबिद अहमद ने अपना नाम वापस ले लिया है। इनके अलावा बस्सी से नीलेश, सिविल लाइंस से रईस अहमद, शाहपुरा से प्रवीण कुमार व्यास, किशनपोल से आसिफ हुसैन और सांगानेर से रामअवतार ढाका ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है। इन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वापस लेने के बाद अब जयपुर में प्रत्याशियों की संख्या 245 रह गयी है।

**राजनीति गलियारों में राजपाल को लेकर चर्चा:** जानकारों की माने तो पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा नेता राजपाल सिंह शेखावत भी कल अपना नाम वापस ले सकते हैं। चर्चा है कि उन्होंने आज देर शाम गोकुलपुरा में कार्यकताओं की बैठक बुलाई है। इस बैठक में यह तय किया जा सकता है कि नामांकन पत्र वापिस लिया जाना चाहिए या नहीं। बताया जा रहा है कि पार्टी के कुछ पदाधिकारियों और केंद्रीय मंत्रियों ने राजपाल से संपर्क कर उनसे नाम वापस लेने का अनुरोध किया है। राजपाल के चुनाव लड़ने से बीजेपी उम्मीदवार राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को सीधा नुकसान हो रहा है।


## जयपुर में छात्रों को कोकीन सप्लाई करती थी विदेशी महिला

### *2016 में आई थी भारत, वीजा हो चुका खत्म; डायरी में मिले स्टूडेंट के नाम*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर**। जयपुर पुलिस की गिरफ्त में आई विदेशी महिला से पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। महिला शहर के बड़े-बड़े कॉलेजों के छात्रों को कोकीन सप्लाई करती थी। वह 2016 में भारत आई थी, लेकिन इसके बाद अपने देश नहीं लौटी। आरोपी ने महिला ने गिरफ्तारी के बाद खुद का नाम-पता भी गलत बताया था। इसके अलावा जो भी जानकारी मौके पर दी थी, वो गलत निकली। जब महिला के वीजा की जांच की गई तो सामने आया कि वह 3 साल पहले खत्म हो चुका है।

सीआई जहीर अब्बास ने बताया कि रामनगरिया थाना पुलिस ने 31 अक्टूबर की देर शाम को एक महिला को रामनगरिया स्थित लोटस विला में उसके फ्लैट से 7 ग्राम कोकीन और 43 हजार रुपए नकदी के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में महिला ने अपना नाम रानिया अली



कैरो बताया था और कहा था कि वह कुछ समय पहले ही जयपुर आई है। उसकी बहन यहां एक निजी कॉलेज में पढ़ाई करती है। इस पर पुलिस ने महिला की बहन को जानकारी दी। मामला एनडीपीएस एक्ट का होने के कारण जांच प्रताप नगर थाना पुलिस को दी गई।

महिला तस्कर को 1 नवंबर को कोर्ट में पेश कर 4 दिन का रिमांड लिया। पूछताछ के दौरान महिला ने बताया कि वह कोकीन पंजाब से लेकर आई है। इस पर पुलिस टीम महिला को लेकर पंजाब के जालंधर पहुंची। यहां जांच में सामने आया कि महिला तस्कर ने कोई भी जानकारी सही नहीं दी है।

पुलिस की जांच में सामने आया कि महिला का नाम लोरा गास्तोन उर्फ सारा उर्फ रानिया (27) पुत्री नयांगे निवासी तंजानिया है। वह भारत आने के बाद दिल्ली के राजपुर एक्सटेंशन में फ्लैट लेकर रही थी। इसके बाद कुछ महीने पंजाब में रुकी थी। पुलिस टीम लोरा को लेकर दिल्ली पहुंची, जहां उसके पासपोर्ट और वीजा की जांच की तो सामने आया कि उसका वीजा साल 2020 में खत्म हो चुका है। इसके बाद भी वह भारत में रहकर छात्रों को ड्रग्स बेच रही थी।

**दिल्ली स्थित फ्लैट से मिली कई जानकारियां:** प्रताप नगर थाना पुलिस को लोरा के दिल्ली स्थित फ्लैट से कई अहम जानकारियां मिली है। पुलिस को उन तस्करों की भी जानकारी मिली है, जो तंजानिया और अन्य देशों से आने वाले छात्रों से कोकीन की सप्लाई कराते थे। इस जानकारी पर पुलिस काम कर रही है। इसके बाद दिल्ली पुलिस की मदद से पुलिस आगे ड्रग्स सप्लायरों के ठिकानों पर दबिश देगी।

## आगाज के एक दिन बाद ही कांग्रेस की गारंटी यात्रा पर लगा ब्रेक

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। कांग्रेस की गारंटी यात्रा पर आगाज के एक दिन बाद ही ब्रेक लग गया है। बताया जा रहा है दीपावली के चलते कांग्रेस की गारंटी यात्रा कुछ समय के लिए रोकी गई है। अब 14 नवंबर से यात्रा फिर शुरू होगी। बता दें कि सीएम गहलोत ने मंगलवार को जयपुर में कांग्रेस की गारंटी यात्रा पर आगाज किया था। लेकिन, अब प्रदेश के दूसरे संभागों में 14 नवंबर से गारंटी यात्रा के दूसरे फेज का आगाज होगा। राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेशवासियों तक अपनी 7 गारंटी पहुंचाने के लिए कांग्रेस ने गारंटी यात्रा की शुरूआत की थी। कांग्रेस की सात गारंटी यात्रा सात संभागों में निकाली जाने वाली है। जिसका



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार दोपहर 12 बजे मोती डूंगरी गणेश मंदिर में दर्शन शुभारंभ किया था। लेकिन, अब कांग्रेस की सात गारंटी यात्रा पर 6 दिन का ब्रेक लग गया है। बताया जा रहा है कि दिवाली पर्व के चलते कांग्रेस आलाकमान की ओर से यह फैसला लिया गया है। अब 14 नवंबर से एक फिर यात्रा की शुरूआत होगी।

**4400 किमी दूरी तय करेगी यात्रा:** कांग्रेस की ये यात्रा 7 संभागों में 12 दिन में 4,400 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय करने वाली थी। 7 नवंबर को जयपुर से शुरू हुई कांग्रेस की गारंटी यात्रा 8 नवंबर को जोधपुर, 9 नवंबर को उदयपुर, 10 नवंबर को अजमेर, 11 नवंबर को बीकानेर और 14 नवंबर को कोटा होते हुए 15 नवंबर को भरतपुर पहुंचने वाली थी, जहां इसका समापन होगा था। लेकिन, अब 14 नवंबर से यह यात्रा फिर से शुरू होगी। ऐसे में माना जा रहा है कि सात गारंटी यात्रा 14 नवंबर को जोधपुर, 15 नवंबर को उदयपुर, 16 नवंबर को अजमेर, 17 नवंबर को बीकानेर और 18 नवंबर को कोटा होते हुए 19 नवंबर को भरतपुर पहुंचेंगी, जहां पर इसका समापन होगा।

यात्रा में करीब 250 कार्यक्रम होंगे, जिनमें 137 कांग्रेस गारंटी संवाद, 10 रोड शो और सार्वजनिक रैलियां शामिल है। पार्टी अपनी यात्रा के दौरान 1,000 कांग्रेस गारंटी शिविर भी आयोजित करेगी।

**ये हैं सात गारंटियां:** पिछले दिनों कांग्रेस ने 7 गारंटियां दी हैं। इसमें गोधन योजना तहत किसानों से 2 रुपए प्रति किलो गोबर खरीद, कॉलेज में एडमिशन लेने वाले हर स्टूडेंट को पहले वर्ष फ्री लैपटॉप, हर छात्र को अंग्रेजी मीडियम शिक्षा, 15 लाख रुपए का प्राकृतिक आपदा बीमा, 1.05 करोड़ परिवारों को 500 रुपए में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर, गृहलक्ष्मी गारंटी योजना में महिला मुखिया को सालाना 10 हजार रुपए, सरकारी कर्मचारियों केलिए ओपीएस का कानून बनाने की गारंटी दी गई है।

| पूर्वानुमान> | गुरु | शुक्र | शनि | रवि |
|---|---|---|---|---|
| 20° अधिकतम> | 26°c | 26°c | 27°c | 26°c |
| न्यूनतम> | 21°c | 20°c | 21°c | 20°c |

# करें मतदान : जलमहल की पाल पर दीपदान कर की मतदान की अपील

## जवाहर कला केन्द्र में भी आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी एवं शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



किया जा रहा है।

जिला स्वीप टीम की ओर से बुधवार को हवामहल विधानसभा क्षेत्र के जलमहल रोड स्थित जल महल की पाल पर दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों युवाओं, बुजुर्गों के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्याकताओं ने दीपदान कर आमजन को विधानसभा चुनाव में मतदान की अपील की। वहीं, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के जवाहर कला केन्द्र में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वीप टीम की ओर से आकर्षक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान वीआर प्रेजेंटेशन आकर्षण केन्द्र बना रहा, जिसके के जरिये युवाओं ने मतदान केन्द्र का 3डी अनुभव प्राप्त किया साथ ही मतदान प्रक्रिया को भी बेहद करीब से जाना। इस मौके पर मैं भारत हूं गीत एवं 25 नवंबर का पहला काम, चलो बूथ करो मतदान जैसे स्लोगन से युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही, केवाईसी, सक्षम, सी-विजिल एवं वोटर हेल्पलाइन एप की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वीप पर्यवेक्षक साधना रावत, जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह, ईआरओ देविका तोमर सहित जिला स्वीप टीम के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित बड़ी तादाद में युवा, महिला, बुजुर्ग एवं आमजन मौजूद रहे।







पंचाग

दिनांक:-09 नवम्बर 2023 गुरुवार

विक्रम संवत2080 कार्तिक कृष्ण पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | एकादशी | 10:41:04 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | उत्तर फाल्गुनी | 21:56:11 |
| योग | वैधृति | 16:46:43 |
| करण | बालव | 10:41:04 |
| करण | कौलव | 23:41:39 |
| चन्द्र राशि | कन्या | |
| सूर्य राशि | तुला | |
| दिशा शूल | दक्षिण | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:43:01 |
| सूर्यास्त | 17:37:54 | |
| चंद्रोदय | 27:42:56 | |
| चंद्रास्त | 15:23:30 | |
| राहू काल | 13:32 - 14:54 | |
| अभिजित | 11:48 - 12:32 | |

शुभ चोघडिया

| | | |
|---|---|---|
| शुभ | 06:43 - 08:05 | शुभ |
| चर | 10:49 - 12:10 | शुभ |
| लाभ | 12:10 - 13:32 | शुभ |
| अमृत | 13:32 - 14:54 | शुभ |
| शुभ | 16:16 - 17:38 | शुभ |



विशेष जानकारी
एकादशी व्रत:- आज
गोवत्स द्वादशी :- आज
प्रदोष व्रत :- कल
धनतेरस:- कल

ज्योतिषाचार्य भानुप्रकाश शास्त्री

# भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना ने प्रचार प्रसार हेतु माचाड़ी में खोला पार्टी कार्यालय, किया उद्घाटन

### आज गुरुवार को बिचगांव भाजपा मण्डल मे खोला जाएगा पार्टी कार्यालय

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर) महेश चन्द मीना।** राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ने बुधवार को माचाड़ी मंडल मे अपनी पार्टी के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष बनवारी लाल मीना के सानिध्य मे तथा बीजेपी के सैकड़ो गणमान्य कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर कार्यालय का उद्घाटन विधी विधान से पूजा कर फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इससे पूर्व मे भी बन्नाराम मीना ने विधानसभा क्षेत्र के राजगढ कस्बे मे तथा लक्ष्मणगढ मे और रैणी व पिनान मण्डल मे भी पार्टी कार्यालय खोल दिए है तथा बुधवार को माचाड़ी मे और गुरूवार को बिचगांव मण्डल मे कार्यालय खोला जाएगा। माचाड़ी मे इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ व संगठन पदाधिकारियो द्वारा भी आमजन व कार्यकर्ताओ को सम्बोधित भी किया गया जिसमे बीजेपी को जिताने का संकल्प लिया गया और कार्यकर्ताओ को विशेष मेहनत करने के भी निर्देश दिए गए और बूथ अध्यक्ष को भी निर्देश दिए गए कि बूथ जीता तो भाजपा जीती इसलिए बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख को विशेष प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यालय उद्घाटन के सबको लड्डू बांटकर सभी का मीठा मुंह कराया गया एवं इसके बाद कस्बे मे सभी पार्टी के प्रचार-प्रसार के लिए चल दिए। बन्नाराम मीना ने बताया कि गुरुवार को बीजेपी मण्डल बिचगांव मे मण्डल अध्यक्ष के सानिध्य मे बीजेपी कार्यालय खोला जाएगा जिसमे मिडिया के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओ से व आमजन से ज्यादा से ज्यादा संख्या मे आने का निवेदन भी किया है।







### बुधवार को दर्जनो गांवो मे जाकर किया बीजेपी का प्रचार-प्रसार

# बन्नाराम मीना भाजपा प्रत्याशी के महिला कार्यकर्ताओ की टीम भी हुई सक्रिय

### *परबैणी गांव के पंच पटेल भी लगातार कर रहे है, बीजेपी के पक्ष मे मतदान करने की कर रहे अपील*





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर की राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा मे चुनाव प्रचार-प्रसार दिन प्रतिदिन तीव्र गति पकडता ही जा रहा है और सभी उम्मीदवार अपने कार्यकर्ताओ के साथ प्रचार प्रसार मे जुट गए है। इसी क्रम मे भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना के पक्ष मे महिला कार्यकर्ताओ ने भी सक्रिय होकर बुधवार को क्षेत्र मे जोर शोर से प्रचार किया है और राजगढ-लक्ष्मणगढ क्षेत्र के दर्जनभर गांवो मे जाकर जनसम्पर्क किया है तथा बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष मे मतदान करने की अपील कर कमल के फूल को खिलाने का आग्रह किया है और बन्नाराम मीना को वोट देने की अपील की है। बन्नाराम मीना के कार्यकर्ताओ ने झालाटाला, बीदरका, अंतापाड़ा, ऊछर, बिचगांव, तिलकपुर, गोठड़ा सेहरा, सुनारी, फतेहपुर, कचावा, खोहरा - मलावली, दीवली, रसूलपुर, चुन्दाला, नाथाला, ककराली, आमाला, बाढ़, मालीबास सहित अनेक गांवो मे जनसम्पर्क के दौरा किया और बीजेपी के पक्ष मे मतदान करने की अपील की।





इस दौरान क्षेत्र मे आमजन का भी अच्छा सहयोग देखने को मिला तथा सभी ने बन्नाराम के पक्ष मे कमल के फूल पर वोट देने का आश्वासन भी दिया गया। मिडिया को यह सारी जानकारी बीजेपी कार्यकर्ताओ के द्वारा दी गई है।

# भाजपा नेता के सी मीणा ने बस्सी में भाजपा के पक्ष में मांगे वोट, किया जनसंपर्क



सितारा न्यूज नेटवर्क

**मंडावर।** भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता के सी मीणा बुधवार को बस्सी विधानसभा पहुंचे। जहा उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चंद्रमोहन मीणा के पक्ष में वोट मांग कर अनेकों गावो में जनसंपर्क किया। वही तूंगा में भाजपा प्रत्याशी के कार्यालय का शुभारंभ हुआ। इस दौरान भाजपा नेता के सी मीणा ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने और कांग्रेस की विफलताओ के बारे में बताया। वही मीणा ने बस्सी से भाजपा प्रत्याशी चंद्रमोहन की जीत को आमजन की जीत बताया। इस से पुर्व भाजपा प्रत्याशी ने के सी मीणा का साफा माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। वही मीणा ने भी भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया। जिसके बाद के सी मीणा ने अपने सकडो समर्थकों के साथ गढ़, पाटन, लालगढ़, तूंगा, सिया का बास, झर, खोरीं सहित अनेकों गावो में जनसंपर्क कर मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी चंद्रमोहन मीणा को भारी मतों से जीतने की अपील की।

# सामान्य, व्यय व पुलिस पर्यवेक्षकों ने ली अधिकारियों की बैठक

### *स्वतंत्र निष्पक्ष, भयमुक्त चुनाव संपादित करने हेतु दिये निर्देश*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** विधानसभा आम चुनाव में नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक, व्यय पर्यवेक्षक तथा पुलिस पर्यवेक्षक ने संयुक्त रूप से चुनाव में नियुक्त प्रकोष्ठ प्रभारियों तथा कार्मिकों की बैठक लेकर स्वतंत्र निष्पक्ष, भयमुक्त और पारदर्शिता से चुनाव संपादित करवाने हेतु दिशा निर्देश दिये। बैठक के दौरान सामान्य पर्यवेक्षक भोस्कर विलास संदीपन, इन्द्रेश्वर कलिता, व्यय पर्यवेक्षक प्रदीप बिस्वास, पुलिस पर्यवेक्षक सुनीता वी सालुंखे ठाकरे, जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार अग्रवाल, जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सामान्य पर्यवेक्षक भोस्कर संदीपन ने कहा कि मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित की जावे जिससे बेहतर रूप से चुनाव सम्पन्न हो और मतदाता इस लोकतंत्र के इस उत्सव में बढ चढ़ कर भाग ले सके। तथा उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न रहे। मतदान प्रत्येक मतदाता का अधिकार है।

### अनाज मंडी का दौरा कर खरीद व्यवस्था का लिया जायजा

# पंजाब की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में किसानों की अहम भूमिका: लाल चंद कटारूचक

### खरीद के दौरान किसानों को किसी प्रकार की नहीं होगी परेशानी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बठिंडा, सोनू टुटेजा।** पंजाब एक कृषि प्रधान राज्य है जिसकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में किसानों का महत्वपूर्ण और बहुमूल्य योगदान है। ये बातें खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, वन एवं वन्य जीव मंत्री लाल चंद कटारूचक ने आज यहां धान की खरीद व्यवस्था को लेकर स्थानीय अनाज मंडी के दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए व्यक्त कीं। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त शौकत अहमद पारे, एसएसपी भी मौजूद थे. गुलनीत सिंह खुराना, जिला योजना समिति के अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री कटारूचक ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार के प्रयासों से धान की खरीद प्रदेश में अनवरत जारी है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रदेश के 1854 उपार्जन केन्द्रों में 137 लाख मीट्रिक टन धान की आवक हुई है, जिसमें से 134 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है और खरीदे गये धान का भुगतान लगभग 95 प्रतिशत हो चुका है. किसानों के खातों में 21 हजार करोड़ रुपये भी जमा किए गए हैं। इस बीच, श्री कटारुचक ने किसानों से फसल विविधीकरण अपनाने और कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों को लगाने को प्राथमिकता देने की जोरदार अपील की। उन्होंने किसानों को खेती के साथ-साथ सहायक व्यवसाय अपनाने की भी सलाह दी। इस अवसर पर श्री लाल चंद ने किसानों से विशेष बातचीत में कहा कि उनकी फसलों की गुणवत्ता का आकलन मंडियों से किया जाएगा। उन्होंने किसानों से कड़ी अपील करते हुए कहा कि वे पर्यावरण की शुद्धता बनाए रखने और प्रदूषण से होने वाली घातक बीमारियों से बचने के लिए धान की पराली और उसके कचरे को न जलाएं, बल्कि पराली प्रबंधन के लिए जितना संभव हो सके आधुनिक मशीनरी का उपयोग करें।, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक विजय सिंगला, जिला मंडी अधिकारी गुरविंदर सिंह, सचिव मार्केटिंग कमेटी हरप्रीत सिंह, विभिन्न खरीद एजेंसियों के डीएम उपस्थित थे।






गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

## नि:शुल्क मेगा चिकित्सा शिविर में 238 मरीजों का किया इलाज



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बठिंडा सोनू टुटेजा ।** जिला बार एसोसिएशन बठिंडा द्वारा सभी की भलाई के लिए आज श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का अखंड पाठ शुरू किया गया। इस शुभ अवसर पर सोसायटी द्वारा मानवता की सेवा को समर्पित 133वां मुफ्त मेगा मेडिकल कैंप 8 को आयोजित किया जाएगा। नवंबर 2023, बुधवार सुबह 10 बजे। दोपहर 00 बजे से दोपहर 2-00 बजे तक लाइब्रेरी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, बठिंडा में आयोजित किया गया। इस शिविर में डॉ. पारुल गुप्ता (एमएस) गुप्ता हॉस्पिटल पावर हाउस रोड बठिंडा द्वारा नेत्र रोगों का इलाज किया गया। डॉ. पूजा गर्ग एमडीएस (प्रोस्थोडॉन्टिस्ट) ड्रीम एस्थेटिक्स बीबी वाला रोड बठिंडा ने दांतों की जांच की और डॉ. प्रदीप गिरधर एमडी (एक्यू) मिश्का एक्यूप्रेशर हॉस्पिटल बीबी वाला रोड गली नंबर 9 बठिंडा द्वारा एक्यूप्रेशर विधि से 238 मरीजों का इलाज किया गया। इस कैंप के दौरान मरीजों का चेकअप किया गया। सोसायटी की ओर से टेस्ट, चश्में और दवाइयां मुफ्त दी गईं। इस कैंप का उद्घाटन माननीय जिला सत्र न्यायाधीश बठिंडा सुमित मल्होत्रा जी ने अपने कर कमलों से किया। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और वकील मौजूद रहे समूह बार के पदाधिकारियों और वकीलों ने मेडिकल कैंप की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के मुफ्त मेडिकल कैंप की व्यवस्था की। इस कैंप में डॉ. बॉबी गुप्ता, एडवोकेट गुरपाल सिंह बराड़ और सुरजीत सिंह सेवानिवृत्त कैशियर ने सहयोग दिया।

## निष्पक्ष मतदान के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जाजोद(अरविन्द कुमार)।** आगामी विधानसभा चुनावों में निर्भीक होकर मतदान करने के लिए बुधवार को जाजोद पुलिस एवं सीआईएसएफ के जवानों ने मलिकपुर, ठीकरिया में थानाधिकारी अशोक कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। जाजोद थानाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि आस-पास के ग्रामीण इलाको में निर्भीक एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने का संदेश दिया गया। फ्लैग मार्च के दौरान हेड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार, कांस्टेबल राकेश कुमार, चालक कालूराम मीणा सहित सीआईएसएफ के जवान मौजूद थे।


## राजीविका महिलाओं एवं अल्पसंख्यक मामलात के कार्मिकों द्वारा प्रवासी मतदाताओं के घर-घर जाकर दी मतदान की जानकारी



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर के निर्देशानुसार विधान सभा आम चुनाव- 2023 के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की राजीविका महिलाओं द्वारा प्रवासी मतदाताओं के घर-घर जाकर 25 नवम्बर को राजस्थान विधान सभा आम चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील की गई एवं मतदान हेतु संकल्प पत्र भरवाये गये साथ ही मतदान दिवस संबंधित जानकारी के पोस्टर पेम्पलेट आदि को मय दिनांक एवं समय सहित सार्वजनिक स्थानों, राजीविका के जिला ब्लॉक एवं क्लस्टर लेवल फेडरेशन कार्यालयों में चस्पा कर मतदान करने हेतु अपील की गई।

## संभागीय आयुक्त ने किया मतदान केंद्रों का दौरा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के रहसैना, लालपुर, अण्डवापुरैनी, बसईकारे, टांडा के मतदान केंद्रों का दौरा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर बिजली, पानी, साइनेज, रैंप सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लालपुर मतदान केन्द्र पर साइनेज लिखा हुआ नहीं मिला जिस पर उन्होंने साइनेज अंकित करवाने के निर्देश दिये। आम जन से भयमुक्त मतदान करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान अण्डवापुरैनी मतदान केन्द्र पर बीएलओं उपस्थित नहीं मिला एवं मतदान केन्द्र पर भी ताला लगा हुआ मिला। बसईकारे मतदान केन्द्र पर बीएलओ द्वारा बताऐं गये लोगों को पाबंद करने के निर्देश दिये।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने किया चित्तौड़गढ़ में भाजपा प्रत्याशी नरपत सिंह राजवी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन**

# चित्तौड़गढ़ भाजपा की विचारधारा का गढ़, मुझे कुछ कहे मंजूर, लेकिन विचारधारा से समझौता नहीं होना चाहिए : सीपी जोशी

### चित्तौड़गढ़ में हमें कमल खिलाना है : सीपी जोशी

सितारा न्यूज नेटवर्क







**चित्तौड़गढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज चित्तौड़गढ़ में भाजपा प्रत्याशी नरपत सिंह राजवी के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन किया और उपस्थित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि नरपत सिंह राजवी शीर्ष नेतृत्व द्वारा चयनित भाजपा उम्मीदवार है। दो बार पहले भी यहां से विधायक रह चुके हैं। यह पूर्व मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत के परिवार से आते हैं, जिन्होंने कमल को पूरे प्रदेश में पहुंचाने का कार्य किया। इनके कार्यकाल में चित्तौड़ में कॉलेज शुरू हुआ, सड़कें, धर्मशाला बनी। विकास के कई कार्य हुए। जिसे आज तक चित्तौड़गढ़ की जनता भूली नहीं है। हमें यहां फिर से इन्हें जिताने का काम करना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि 1951 में जनसंघ की स्थापना से चित्तौड़गढ़ भाजपा की विचारधारा का गढ़ रहा है। मैं पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष हूं, मुझे कुछ कहे मंजूर है, लेकिन विचारधारा से समझौता नहीं होना चाहिए। चित्तौड़गढ़ की जनता के आशीर्वाद से मैं दो बार सांसद बना हूं। यह कर्ज में कभी नहीं उतार सकता। मैंने सिर्फ चित्तौड़ के विकास के बारे में सोचा, जिस दिन अपने लिए सोचने लग जाऊं मेरी सांसे रुक जाए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस गारंटी यात्रा निकाल रही है, लेकिन प्रदेश की जनता इनकी गारंटी को नहीं मानती। जनता का विश्वास सिर्फ मोदी की गारंटी में है। चित्तौड़गढ़ में पासपोर्ट कार्यालय, मेडिकल कॉलेज, मेवाड़ के अमर योद्धाओं पर डाक टिकट, चित्तौड़गढ़ से नई ट्रेन सहित विकास के अनेक कार्य की सौगात मोदी गारंटी के कारण संभव हो पाई है। चित्तौड़गढ़ से नरपत सिंह राजवी को जितवाइए, यह विकास का क्रम अनवरत रूप से चलता रहेगा। यहां से हाइवे निर्माण हो चुका है। 2024 में रिंग रोड बनने सहित विकास के अनेक काम होंगें।

## कांग्रेस प्रत्याशी मांगेलाल लाल मीना ने रैणी पिनान व लक्ष्मणगढ में खोला कार्यालय



सितारा न्यूज नेटवर्क



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर की राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी मांगेलाल मीना ने पार्टी के निर्देशानुसार कार्यकर्ताओ की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए बुधवार को सर्वप्रथम पिनान कस्बे मे उसके बाद रैणी कस्बे मे तथा दोपहर बाद लक्ष्मणगढ कस्बे मे सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ व रैणी प्रधान मीरा मांगेलाल मीना की मौजूदगी मे पार्टी कार्यालयो का फीता काटकर उद्घाटन किया गया और मीना ने बताया कि ये सभी कार्यालय कार्यकर्ताओ की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए खोले गए है। पिनान मे कार्यालय खोलने के दौरान रैणी प्रधान मीरा मांगेलाल मीना ने तथा प्रत्याशी मांगेलाल मीना ने अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओ की मौजूदगी मे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को माल्यार्पण कर सम्मान दिया । पार्टी कार्यालय खोलने के बाद सबका मीठा मुह कराया तथा इसके पश्चात मांगेलाल मीना ने अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ कस्बो मे प्रचार प्रसार भी किया और आमजन से अपने पक्ष मे तथा कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह हाथ पर मतदान करने की अपील की। इस कार्यक्रम के दौरान पार्टी के अनेक गणमान्य कार्यकर्ताओ साथ में रैणी प्रधान मीरा देवी, लक्ष्मणगढ़ प्रधान जाकिर , भगवान सहाय विजय, योगेश पटेल उप प्रधान लक्ष्मणगढ़, नरसी दादा मुण्डया, राजकिशोर शर्मा पिनान, सुरेन्द्र डा.पिनान हारून खा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्ट्रिंग दुकान लूटने वाले गिरफ्तार

सितारा न्यूज नेटवर्क





**बठिंडा सोनू टुटेजा।** आज गुलनीत सिंह खुराना आईपीएस, वरिष्ठ कप्तान पुलिस बठिंडा ने प्रेस को बताया कि 4-11-21023 लखी चंद पुत्र मुख्तियार चंद निवासी मलूका ने बयान दर्ज कराया कि उसकी गांव मलूका में डोरी की दुकान है। दिनांक 4-11-2023 को सुबह 5:50 बजे वह अपनी दुकान का ताला खोल रहा था, तभी तीन अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आए और उसे रॉड से पीटा और उसके हाथ में पकड़ा हुआ बैग छीन लिया और भाग गए, बैग में 4 थे, 17,500/- रुपये नकद और लिखित में। लखी चंद के बयान के आधार पर थाना दयालपुरा में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा संख्या 163 दिनांक 4.11.2023 ए/डी 379बी, 323, 34, 120बी आईपीसी दर्ज किया गया था। अजय गांधी आईपीएस, कप्तान पुलिस (डी. बठिंडा) के निर्देशन और मोहित अग्रवाल उप-कप्तान पुलिस रामपुरा फूल के निर्देशन में जांच के दौरान, आरोपी अंग्रेज सिंह को 7-11-2023 को मामले में आरोपी बनाया गया था। बुरे तत्वों के खिलाफ ऑपरेशन। उर्फ बाना पुत्र काका सिंह निवासी गोबिंदपुरा, गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरखा पुत्र सतनाम सिंह निवासी मलूका और सुखजिंदर सिंह उर्फ बिल्ला पुत्र कृष्ण सिंह निवासी कोठा गुरु का को नामजद किया गया है। दयालपुरा के मुख्य अधिकारी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना पुलिस ने अलग-अलग टीमें बनाईं। अंग्रेज सिंह, गुरप्रीत सिंह और सुखजिंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके पास से 2 लाख 84 हजार रुपये और घटना के दौरान इस्तेमाल किया गया पिग आयरन बरामद कर लिया गया। देसी सिंकदर सिंह की गिरफ्तारी बाकी है। उसकी गिरफ्तारी होगी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया गया।

## सरकारी शिक्षक का शव मिलने से फैली सनसनी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के बीकानेर बस स्टैंड पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान के समीप सरकारी शिक्षक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। लोगों द्वारा पास में ही ड्यूटी कर रहे यातायात प्रभारी भंवरलाल को सूचना दी गई। जिस पर टीआई भंवरलाल ने रींगस पुलिस थाने में सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची रींगस थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रींगस सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया। हेड कांस्टेबल नागर मल सैनी ने बताया कि ढोढसर की बाढा वाली ढाणी की सरकारी स्कूल में कार्यरत शिक्षक गोपाल सिंह पुत्र गणपत राम गाड़ोदिया निवासी खातियों की ढाणी परसरामपुरा नवलगढ़ हाल निवासी मयूर कॉलोनी रींगस की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई जिसके शव को रींगस सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया गया है। वहीं शिक्षक की मौत का पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है।

## प्रदेश में भाजपा के महा-जनसंपर्क अभियान की हुई शुरूआत

**तीन दिवसीय अभियान के दौरान भाजपा का होगा घर-घर व्यापक जनसंपर्क**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** भाजपा की ओर से प्रदेश के सभी जिलो में आज से महा-जनसंपर्क अभियान की शुरूआत हुई। इस दौरान प्रदेशभर में भाजपा के विभिन्न प्रदेश पदाधिकारियों और नेताओं ने इस अभियान का शुभारंभ किया। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने मालवीय नगर, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने सांगानेर, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने विद्याधर नगर, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने तारानगर, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आदर्श नगर और उप नेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने आमेर में घर-घर जाकर लोगों से जनसंपर्क किया और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं केंद्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने तिजारा कस्बे सहित आसपास के गांवो में जनसंपर्क किया और भाजपा के महा-जनसंपर्क अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नौ साल की उपलब्धियों के बारे में लोगों को समझाया। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी ने सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और लोगों से भाजपा के समर्थन में वोट की अपील की। महाजनसंपर्क अभियान के तहत सभी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि प्रत्येक बूथ पर 50 घरों में जनसंपर्क करेंगे। इस दौरान ये सभी लोग शक्ति केंद्र के 10 प्रमुख लोगों से भी मिलेंगे। प्रत्येक बूथ पर बूथ समिति की बैठक में जनप्रतिनिधि को पार्टी का हैंडबिल/स्टीकर साथ रखकर जाना होगा। इस दौरान आज सभी नेताओं ने सेवा बस्ती में जाकर जनसंपर्क किया और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर महाजनसंपर्क का शुभारंभ किया।

## आसपा प्रत्याशी डॉ.रोहिताश शर्मा ने डेढ़ दर्जन गांवों का दौरा कर मांगे वोट







सितारा न्यूज नेटवर्क



**नारायणपुर (बिन्टू कुमार)।** बानसूर विधानसभा से आजाद समाज पार्टी उम्मीदवार डॉ.रोहिताश शर्मा ने बुधवार को करीब डेढ़ दर्जन गांवों का तूफानी दौरा कर अपने पक्ष में वोट मांगे। इस दौरान ग्राम विजयपुरा, लीलामंढा, तुर्कियावास, सामोता की ढाणी, खारिया की ढाणी, बामनवास कांकड़, तोलावास, बैरावास, नांगलहेड़ी, तुलसीवाला, भोजपुरी, मुंडावरा, मानावास, लॉज डोयाली, कानपुरा सहित करीब डेढ़ दर्जन गाँवो का दौरा किया। चुनावी जनसंपर्क के दौरान गाँव विजयपुरा में ग्रामीणों ने 71 मीटर का साफा बांधकर व फलों से तोलकर समर्थन दिया। वही ग्राम बामनवास कांकड़ में आसपा प्रत्याशी ने ट्रेक्टर चलाकर नुक्कड़ सभा पहुंचे और सर्व समाज के लोगो ने 21 मीटर का साफा बांधकर व केलों से तोलकर समर्थन दिया। ग्राम मुंडावरा में 21 मीटर का साफा बांधकर व केलो से तोलकर समर्थन दिया। इस दौरान सर्व समाज के लोगो ने आसपा प्रत्याशी का गांव व ढाणियों में जगह-जगह साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर आसपा प्रत्याशी ने कहा कि भ्रष्ट लोगो को भगाओ और अच्छे लोगो को लाओ और आने वाली 25 नवम्बर को विधानसभा चुनाव में जाति से ऊपर उठकर योग्य व्यक्ति को वोट दे ताकि क्षेत्र का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि यह एहसान मैं जिंदगी भर भी नहीं भूलूंगा आप सब ग्रामीणों की ओर से जो मुझे मान सम्मान दिया गया है, उसका कर्ज में अवश्य चुकाऊंगा। इस मौके पर सैकड़ो की तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# स्थानीय उत्पाद खरीदने से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था

धनतेरस और दिवाली से पूर्व खरीदारी के त्योहारी सीजन में लोगों से स्थानीय उत्पाद खरीदने की पीएम नरेंद्र मोदी की अपील में सही मायने में घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का बीजमंत्र छिपा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से इस दिवाली स्थानीय स्तर पर विनिर्मित उत्पाद खरीदने और उस उत्पाद या उसके निर्माता के साथ एक सेल्फी 'नमो ऐप' पर साझा करने का बुधवार को आह्वान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा है, '' इस दिवाली आइए हम नमो ऐप पर #वोकल फॉर लोकल के साथ भारत की उद्यमशीलता तथा रचनात्मक भावना का जश्न मनाएं।" '' ऐसे उत्पाद खरीदें जो स्थानीय स्तर पर बनाए गए हों। अपने मित्रों और परिवार को इस कड़ी में शामिल होने और सकारात्मकता की भावना फैलाने का आह्वान करें।" दरअसल, भारत उदारीकरण को अपनाने के बाद मुक्त बाजार व्यवस्था का अंग है, जिसके चलते अनेक विदेशी कंपनियां भारत में उत्पादन से लेकर ट्रेडिंग तक कर रही हैं, इसके चलते स्थानीय उत्पादकों को धक्का लगा है। दूसरी तरफ हम भारतीयों की खरीदारी प्रवृत्ति स्वाभिमानी नहीं है, बल्कि नकलची है। भारतीय खरीदारी के मामले में अपने विवेक का इस्तेमाल कम और देखादेखी का प्रयोग अधिक करते हैं। भारतीय बाहरी चकाचौंध से जल्द प्रभावित हो जाते हैं। भारतीय मध्यवर्ग अभी भी गुलामी के दौरान स्थापित की गई विदेशी आभिजात्य की मानसिकता में अभिभूत नजर आते हैं, ऐसे में वे विदेशी निर्मित सामान खरीदना अपनी कुलीनता के अनुरूप मानते हैं। भारतीयों की खरीदारी की गलत प्रवृत्ति के चलते विदेशी कंपनियां व ट्रेडर भारत से प्रति वर्ष 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक मुनाफा के रूप में ले जाते हैं। विशाल मध्यवर्ग के चलते ही विदेशी कंपनियां भारत में अपना करोबार करने के लिए ललायित रहती हैं। अगर भारतीय स्थानीय उत्पाद खरीदना शुरू कर दें तो भारतीय दस वर्ष से भी कम समय में समृद्ध बन जाएंगे व स्थानीय कारोबार को भी फायदा पहुंचेगा। सरकार के सामने दिक्कत है कि विश्व व्यापार संगठन के नियमों में बंधे होने के चलते किसी भी विदेशी कंपनियों को भारत में आने व कारोबार करने से रोक नहीं सकती है। विदेशी कंपनियां जब आती हैं तो पूंजी व तकनीक लेकर भी आती हैं, इसका फायदा भी होता है, पर यह सीमित होना चाहिए और यह भारतीय कंपनियों को नुकसान पहुंचाकर नहीं होना चाहिए। भारत सरकार विदेशी कारोबारियों को आने से रोक नहीं सकती, पर अपने नागरिकों से स्थानीय उत्पाद खरीदने की अपील कर सकती है। सब्जी, फल, ग्रोसरी, क्रोकरी, कपड़े, एफएमसीजी, इलेक्ट्रानिक्स, बिजली, दवा आदि दैनिक उपयोग की चीजें अगर लोग भारतीय व स्थानीय विक्रेताओं से खरीदेंगे, तो निश्चित ही हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से मजबूत होगी और आर्थिक परिवर्तन की ओर देश अग्रसर होगा। उदारीकरण व मुक्त बाजार व्यवस्था की पैरोकारी करने वाले मुल्कों में अग्रणी रहे अमेरिका ने भी हाल के वर्षों में संरक्षणवाद को बढ़ावा दिया है, इसके संदेश साफ है कि उदारीकरण को बाधित किए बिना स्थानीय उद्योग धंधे को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। हर भारतीय को वोकल फॉर लोकल के लिए आगे आना चाहिए और इस धनतेरस व दिवाली पर स्थानीय उत्पादित, निर्मित व ट्रेडित उत्पाद को अपनी खरीदारी में प्राथमिकता देकर स्थानीय प्रतिभाओं का समर्थन करना चाहिए, भारतीयों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना चाहिए और अपनी परंपराओं को समृद्ध बनाए रखना चाहिए। स्थानीय उत्पाद खरीदने से किसानों, कारीगरों व ट्रेडरों की दिवाली भी रोशन हो जाएगी।

## सारा संसार



पन्हाला का किला महाराष्ट्र राज्य कोल्हापुर के पास सह्याद्री पर्वत श्रृंखला में एक मार्ग पर जमीन से 1312 फीट ऊपर स्थित एक प्रसिद्ध और ऐतिहासिक किला है जिसकी गिनती महाराष्ट्र के सबसे प्रसिद्ध किले में की जाती है। शिलाहारा राजवंश के शासन काल में निर्मित, पन्हाला किला भारत के सबसे बड़े किले में अपना स्थान रखना है जबकि दक्कन क्षेत्र में सबसे बड़ा किला होने का भी गौरव प्राप्त है।

## मुद्दा

डॉ. मोनिका शर्मा



# प्रदूषण के दुष्प्रभाव और बच्चे

राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों के स्कूली बच्चों के लिए दमघोटू हवा शारीरिक स्वास्थ्य, शिक्षा और मानवीय स्वभाव के मोर्चे पर अनगिनत मुश्किलें पैदा कर रही है। इन दिनों दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बीच 5वीं कक्षा तक के स्कूलों की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं तो बड़ी कक्षाओं के बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई का विकल्प दिया गया है। वायु प्रदूषण के खतरनाक हालात स्वास्थ्य के लिहाज से जिस उच्चतम स्तर तक पहुंच गए हैं, बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े जोखिम बीमारियां बन हमारे सामने हैं। यहां तक कि गर्भ में पल रहे बच्चे भी सांसों में घुलते इस जहर से बहुत सी व्याधियों के साथ ही दुनिया में आ रहे हैं। स्वभाव के मोर्चे पर देखें तो स्पष्ट है कि सेहत से जुड़ी इस इमरजेंसी ने बालमन का बर्ताव भी बदलकर रख दिया है। बच्चों की मानसिक सेहत पर भी प्रदूषण का दुष्प्रभाव पड़ रहा है। दूषित हवा नई पीढ़ी में आक्रोश, चिड़चिड़ेपन और तनाव के आंकड़े भी बढ़ा रही है। देश की राजधानी में साल-दर-साल और जहरीली होती हवा बच्चों के जीवन को कई पक्षों पर खतरे में डालने वाली है। इस वर्ष अक्टूबर महीने में दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 2020 के बाद सबसे खराब दर्ज हुआ है। विशेषज्ञों के मुताबिक हवा में घुले प्रदूषण का सबसे घातक स्तर सुबह 5 से लेकर 8 बजे तक रहता है। यही समय बच्चों के स्कूल जाने का होता है। हर आयु वर्ग के बच्चे न केवल घर से बाहर निकलते हैं बल्कि स्कूल पहुंचने के लिए लंबी यात्रा भी करते हैं, जिसके चलते उनकी सेहत की बिगड़ती स्थितियां सामने आने लगी हैं। दरअसल, प्रदूषण में रहने और बाहर निकलने पर बारीक पार्टिकल्स विशेषकर पीएम 2.5 सांस लेने वाली वायु में घुलकर शरीर के भीतर पहुंचते हैं।हर उम्र एक लोगों के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बनी जहरीली सांसें बच्चों के कोमल अंगों को अभूत अधिक नुकसान पहुंचाती हैं। कुछ समय पहले भारत सहित दुनिया के 137 देशों में मां के गर्भ में ही जान गंवाने वाले 45 हजार शिशुओं को लेकर हुए अध्ययन के बाद यह सामने आया कि इनमें 40 फीसदी बच्चों की मौत का कारण हवा में मौजूद पीएम 2.5 कण था। बच्चों के लिए प्रदूषण से बढ़ती परेशानियों की एक लंबी सूची है। इस फेहरिस्त में शारीरिक- मानसिक और मनोवैज्ञानिक समस्याओं के साथ ही शिक्षा के मोर्चे पर पिछड़ने और सामाजिक जीवन से कट जाने जैसे कुप्रभाव ही शामिल हैं। निस्संदेह, घुटती सांसों के कारण हो रहे बच्चों के जीवन के हर पहलू पर स्याह असर पड़ रहा है। हर ओर छाये जहरीले धुएं के नुक़सान अब आंकड़ों और अध्ययनों में ही नहीं आमजीवन में भी स्पष्ट दिखने लगे हैं । गौरतलब है कि बच्चों पर ही केंद्रित यूनिसेफ की 'द क्लाइमेंट क्राइसिस इज अ चाइल्ड राइट्स क्राइसिस- इंट्रोड्यूसिंग द चिल्ड्रेंस क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स' रिपोर्ट में भी जलवायु परिवर्तन के कारण नई पीढ़ी के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा को गंभीर खतरा बताकर चेताया जा चुका है। ऐसे में दोषारोपण के बजाय हर मोर्चे पर उचित कार्रवाई जरूरी है। बच्चों को दी जाने वाली विरासत में स्वस्थ जीवन जीने का परिवेश सबसे अहम है।

(लेखक फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



दरकार

प्रो. नीलम महाजन सिंह

# कैश फॉर क्वेरी का सच उजागर हो

महुआ मामले में कौन सही है?, कौन गलत है? इसकी जांच तो होनी ही चाहिए, अगर यह मामला सही है कि एक सांसद के लॉग इन का पासवर्ड एक बिजनेसमैन के पास था, तो यह सचमुच संगीन मामला है। यह मामले कैसे उजागर हुआ, निशिकांत दुबे को जानकारी किसने दी, महुआ की कारस्तानी का पता किसको था, यह इतना महत्वपूर्ण नहीं है, जितना महत्वपूर्ण सांसद के विशेषाधिकार तक किसी निजी व्यक्ति की पहुंच है। आचार समिति को एक नजीर स्थापित करनी चाहिए कि आगे कोई हिमाकत न करे। सांसदों को भी पद की गरिमा रखनी चाहिए। अपने लॉग इन का पासवर्ड अपने किसी 'अनन्य प्रिय' को भी नहीं देना चाहिए।

पॉलिटिशियन का पावर से गहरा नाता है। यह पावर और खतरनाक हुई है, जब उसमें किसी बिज़नेसमैन का भी तड़का लगा है। यूं तो भारतीय राजनीति में पॉलिटिशियन और बिज़नेसमैन का नेक्सस बहुत पुराना है, लेकिन किसी पॉलिटिशियन के विशेषाधिकारों तक किसी बिज़नेसमैन की पहुंच हो, यह पहली बार जागृत हुआ है। बात 'संसद में सवाल के बदले नकद' मामले की हो रही है, जिसमें ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा विवादों में घिरी हुई हैं। महुआ पर सवाल पूछने के बदले में घूस लेने के आरोप हैं। इस मामले की जाँच लोकसभा की आचार समिति कर रही है। अब लोकपाल ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई जाँच के आदेश दे दिये हैं। हालांकि सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर पोस्ट किया है कि 'उनकी शिकायत पर लोकपाल ने आरोपी सांसद महुआ मोइत्रा के राष्ट्रीय सुरक्षा को गिरवी रखकर भ्रष्टाचार करने के मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है'।

निशिकांत दुबे के इस दावे पर महुआ ने पलटवार भी किया है कि 'मीडिया जो मेरा उत्तर जानने के लिए फोन कर रहे हैं; उनसे कहना है कि सीबीआई को 13 हजार करोड़ रुपये के अडानी कोल स्कैम मामले में पहले एफआईआर दर्ज करनी होगी'। मोइत्रा ने कहा कि 'सीबीआई आपका स्वागत है'। एथिक्स कमेटी की 2 नवंबर को हुई बैठक में मोइत्रा व बसपा सांसद दानिश अली समेत अन्य विपक्षी सांसद बाहर निकल गए थे। विपक्षी सांसदों ने इस दौरान आरोप लगाया था कि मोइत्रा से आचार समिति के अध्यक्ष व भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर ने निजी सवाल किए। मोइत्रा ने आचार समिति की बैठक के बाद बयान जारी कर कहा था कि उनका एक तरह से वस्त्रहरण किया गया। इन आरोपों को खारिज करते हुए सांसद विनोद कुमार सोनकर न कहा था कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। अब आचार समिति की बैठक आज नौ नवंबर को हो रही है, जिसमें समिति कड़ा एक्शन ले सकती है।

ममता बनर्जी की सरल, सांसारिक जीवनशैली 'मां-माटी-मानुष' के नारे को 'कैश फॉर क्वेरी' घोटाले से झटका लगा है। दरअसल, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने ही आरोप लगाया था कि कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से पैसे लेकर अडानी ग्रुप के मामले में मोइत्रा ने संसद में सवाल किए हैं। आरोप में दुबे ने कहा है कि हीरानंदानी ने मोइत्रा के सांसद के लॉगिन का इस्तेमाल कर, विभिन्न स्थानों से प्रश्न दर्ज किए। हकीकत में देखा जाय तो यह गंभीर आरोप हैं। सांसद के लॉगइन तक किसी भी अन्य व्यक्ति की पहुंच नहीं होनी चाहिए, चाहे वह व्यक्ति कितना भी प्रभावशाली क्यों ना हो। इसके बाद दर्शन हीरानंदानी का हस्ताक्षरित एफिडेविट सामने आया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि, उन्होंने समय-समय पर महुआ मोइत्रा को अनेक प्रश्न भेजे हैं, जो उन्होंने लोकसभा में उठाये हैं। ये सब पीएम मोदी की छवि खराब करने के लिए किया गया था। हीरानंदानी ग्रुप के सीईओ, 41 वर्षीय दर्शन हीरानंदानी ने स्वीकार किया है कि, 'मैंने गौतम अडानी समूह के खिलाफ़त में सवाल उठाने के लिए टीएमसी सांसद मोहुआ मोइत्रा के लॉगिन कोडवर्ड



का इस्तेमाल किया है। परंतु उसका 'ओटीपी' तो महुआ के पास ही आता था'। हीरानंदानी ने दावा किया कि मोइत्रा ने उनसे अनुग्रह व उपहार की मांग की। दर्शन हीरानंदानी ने स्वतः ही ओम बिरला को स्टाम्प पेपर पर नोटरीकृत एक शपथ पत्र भेजा है। दर्शन हीरानंदानी भी आपराधिक कदाचार के समान रूप से दोषी है, अगर वे वास्तव में सीधे मोइत्रा के लॉगिन पासवर्ड के माध्यम से प्रश्न पोस्ट कर रहा था। ये उच्च जोखिमपूर्ण कॉर्पोरेट-युद्ध हैं। सभी व्यापारिक समूह संसद में प्रश्न उठाने के लिए सांसदों का प्रयोग करते रहे हैं, पर पासवर्ड हासिल करके नहीं। हेमा मालिनी ने 'केंट-आरओ प्यूरीफायर' का मामला संसद में उठाया था, जिसकी वह मॉडलिंग करती थीं! उन्होंने इसके लिए माफी मांगी, लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें फटकार भी लगाई। दर्शन हीरानंदानी अपने को बचाने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि वह अपने ही अनौचित्य के जाल में फंस गए हैं। उल्लखनीय यह है कि सुप्रीम कोर्ट के युवा वकील जय अनंत देहाद्राई, के मोहुआ मोइत्रा से गहरे रिश्ते जगजाहिर हैं। अब दोनों के रिश्तों में खटास आ चुकी है। जय अनंत देहाद्राई ने मोहुआ मोइत्रा के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो में एक शिकायत दर्ज की है। निशिकांत दुबे व देहाद्राई दोनों 26 अक्टूबर को एथिक्स कमेटी के सामने पेश हुए व अपने बयान दर्ज कराये। इसके जवाब में महुआ मोइत्रा ने दोनों के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में मानहानि का मुकद्दमा दायर किया है। मामला उजागर होने से पहले निशिकांत दुबे व जय अनंत देहाद्राई एक ही गाड़ी में देखे गए थे।


पूरा मामला इस तरह है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने 15 अक्टूबर को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने आरोप लगाए थे कि महुआ ने संसद में सवाल पूछने के लिए बिज़नेसमैन दर्शन हीरानंदानी से तोहफे लिए थे। इस मामले को लोकसभा अध्यक्ष ने एथिक्स कमेटी को भेज दिया। निशिकांत ने 21 अक्टूबर को कहा, मैंने इसे लेकर लोकपाल से शिकायत की। दुबई से संसद की आईडी 47 बार खोली गई, जबकि उस वक्त वे कथित सांसद भारत में ही थीं। एथिक्स कमेटी ने 27 अक्टूबर को महुआ को सम्मन भेजा व 31 अक्टूबर को सुबह 11 बजे कमेटी के सामने पेश होने का निर्देश दिया था। महुआ ने इसी दिन एथिक्स कमेटी को लिखा था कि वे 5 नवंबर के बाद ही मौजूद हो पाएंगी। 28 अक्टूबर को एथिक्स कमेटी ने महुआ को 2 नवंबर को पेश होने को कहा। 6 नवंबर को महुआ ने दावा किया कि 7 नवंबर को होने वाली एथिक्स कमेटी की बैठक इसलिए स्थगित की गई ताकि कमेटी के कांग्रेस सांसदों को दूर रखा जा सके। महुआ पर लगे आरोपों की मसौदा रिपोर्ट पर विचार के लिए मंगलवार को समिति की बैठक होनी थी। यह बैठक अब 9 नवंबर को हो रही है। अनेक बार सांसदों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगे हैं, पर मोइत्रा का मामला एकदम अलग सा है। महुआ मामले में कौन सही है? कौन गलत है? इसकी जांच तो होनी ही चाहिए। अगर यह मामला सही है कि एक सांसद के लॉग इन का पासवर्ड एक बिज़नेसमैन के पास था, तो यह सचमुच संगीन मामला है। यह मामला कैसे उजागर हुआ, निशिकांत दुबे को जानकारी किसने दी, महुआ की इस कारस्तानी का पता किनको था, यह इतना महत्वपूर्ण नहीं है, जितना महत्वपूर्ण सांसद के विशेशाधिकार तक किसी निजी व्यक्ति की पहुंच है।

आचार समिति को एक नजीर स्थापित करनी चाहिए कि आगे से इस प्रकार के अप्रिय कांड न हों। हमारे सांसदों को भी अपनी पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। अपने लॉगइन का पासवर्ड अपने किसी 'अनन्य प्रिय' को भी नहीं देना चाहिए। इस मामले को केवल महुआ मोइत्रा व निशिकांत दुबे की व्यक्तिगत तल्खी तक ही नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि नज़रिया लेकर सवाल पूछने व लॉगइन तक कॉर्पोरेट जगत की पहुंच जैसे गंभीर मामले की तह तक जाँच होने के उपरान्त दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

(लेखिका वरिष्ठ टीवी पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मनुष्य इंद्रिय विषयों में आनंद अनुभव करता है




संकलित

दर्शन

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।

## राजा हैं, फिर भी घमंडी ना बनें



संकलित

प्रेरणा

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गाँव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची।साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोलाः ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दियाः मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूँ। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोलाः महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहाः हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजाः मेरे पिताजी का, साधुः तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजाः मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहाः हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहां एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा और महात्मा जी से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था उन्नत राष्ट्र की रीढ़**

भ्रष्टाचार हमारे समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। भ्रष्टाचार जैसी सामाजिक बुराई चारों तरफ फैल कर दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। भ्रष्टाचार होता क्या है, इसके बारे में जानना सबसे ज़्यादा जरूरी है। भ्रष्टाचार दो शब्दों से मिल कर बना है भ्रष्ट और आचार, भ्रष्ट का अर्थ है बुराई और आचार का अर्थ है व्यवहार। भ्रष्टाचार सबसे ज़्यादा युवा पीढ़ी को प्रभावित कर रहा है। कम समय में जल्दी सफलता पाने की आस में लोगों में ग़लत काम करने की लालसा पनप जाती है और युवा पीढ़ी अपने सपनों को जल्दी साकार करने की होड़ में भ्रष्टाचारी लोगों का साथ देती है। भ्रष्ट ही भ्रष्ट का साथ देता है। भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था उन्नत राष्ट्र की रीढ़ होती है। अतः भ्रष्टाचार खत्म होना चाहिए।

*- कमल वर्मा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा मिले



नवीनतम के अनुसार, सरकारें वस्तुतः जीवाश्म ईंधन उत्पादन को दोगुना कर रही हैं। हमें नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ाने, जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए विश्वसनीय प्रतिबद्धताओं की आवश्यकता है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### धूम्रपान छोड़ने में मदद



इस देश में कैंसर से होने वाली 4 में से 1 मौत का कारण धूम्रपान है। इसीलिए हममें से कोई नहीं चाहता कि हमारे बच्चे धूम्रपान करें। हम लोगों को धूम्रपान छोड़ने में मदद कर रहे हैं। इसके लिए स्थानीय सेवाओं के बजट को दोगुना से भी अधिक।

-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम

### झूठ बोलना बंद करें



निश्चित दिख रही हार से घबराकर प्रधानमंत्री ने एक बार फ़िर लोगों को गुमराह करने के लिए विक्टिम कार्ड खेला है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आप कांग्रेस और हमारे नेताओं के बारे में झूठ बोलना बंद कीजिए।

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### पराली जलाने का विकल्प



दिल्ली के प्रदूषण को ठीक करने के लिए पुनर्योजी कृषि को एक मौका दिया जाना चाहिए। यह पराली जलाने का लाभकारी विकल्प प्रदान करता है और साथ ही मिट्टी की उत्पादकता भी बढ़ाता है। विकास अब्राहम का नंदी भारत मदद के लिए तैयार है।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति




## करंट अफेयर

# चीन की एआई से निपटने एकजुट होने की अपील



चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बुधवार को कहा कि देशों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जुड़े संभावित खतरों और चुनौतियों का सामना मिलकर करना चाहिए। चिनफिंग की यह टिप्पणी चीन द्वारा इंटरनेट पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कड़ाई से नियंत्रित करने के बीच आई है। इसके साथ ही, चीन ने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के निरंकुश एजेंडे के प्रचार करने के लिए इंटरनेट के आर्थिक लाभों और सोशल मीडिया का अधिकतम इस्तेमाल किया। चीन के पूर्वी शहर वुझेप में आयोजित विश्व इंटरनेट शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में चिनफिंग के पूर्व रिकॉर्ड किए भाषण को प्रसारित किया गया। चिनफिंग ने विवाद के बजाय साइबर जगत में समान सुरक्षा का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चीन एआई के विकास से उत्पन्न खतरों का मुकाबला करने के लिए अन्य देशों के साथ काम करेगा एवं 'साइबर जगत में आधिपत्य' को लेकर आपत्ति जताई। चीन के राष्ट्रपति ने कहा कि उनका देश 'एआई के सुरक्षित विकास को प्रोत्साहित' करने के लिए तैयार है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रचार विभाग के निदेशक ली शुलेई ने चिनफिंग द्वारा सम्मेलन में की गई टिप्पणी का समर्थन किया।

## ऑफ बीट

# एआई-जनित चेहरे बिल्कुल असली जैसे



कुछ समय तक, प्रौद्योगिकी में सीमाओं का मतलब था कि एनिमेटर और शोधकर्ता केवल मानव जैसे चेहरे बनाने में सक्षम थे जो थोड़ा 'अलग' लगते थे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक में हालिया प्रगति का मतलब है कि हमने उस दौर को अच्छी तरह से पार कर लिया है। सिंथेटिक चेहरे अब वास्तविक चेहरों की तरह ही वास्तविक दिखाई देते हैं। आपने दिसपर्सनडजनॉटएग्जिस्टडॉटकॉम वेबसाइट देखी होगी। इस पेज पर बार-बार जाकर, आप असीमित संख्या में चेहरों की छवियां उत्पन्न कर सकते हैं, जिनमें से कोई भी वास्तविक लोगों की नहीं है। इसके बजाय, ये सिंथेटिक चेहरे एक एआई एल्गोरिदम द्वारा बनाए गए हैं जिन्हें ''जेनरेटिव एडवरसैरियल नेटवर्क'' के रूप में जाना जाता है। यह दो तंत्रिका नेटवर्क से बना है - अनिवार्य रूप से, कंप्यूटर मॉडल इस बात से प्रेरित हैं कि मस्तिष्क में न्यूरॉन्स कैसे जुड़े होते हैं। ये नेटवर्क एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हैं। एक नई, विश्वसनीय छवियां (इस मामले में चेहरे) उत्पन्न करता है, जबकि दूसरा वास्तविक छवियों को नकली छवियों से अलग करने का प्रयास करता है। फीडबैक लूप के माध्यम से, जनरेटर तेजी से ठोस छवियां बनाना सीखता है जिन्हें विवेचक नकली के रूप में पहचानने में विफल रहता है।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## सरदार पटेल कॉलेज श्रीमाधोपुर की छात्रा टीना शर्मा ने जीता ताइक्वांडो में गोल्ड





सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** शेखावाटी विवि की टीम ने ऑल इंडिया अंतर विवि ताइक्वांडो महिला वर्ग प्रतियोगिता 2023-24 में गोल्ड मेडल जीता है। शेखावाटी विवि के सरदार पटेल कॉलेज श्रीमाधोपुर की छात्रा टीना शर्मा ने ये खिताब हासिल किया है। शेखावाटी विवि खेल सचिव डॉ. राजेन्द्र ढाका ने जानकारी दी कि झुंझुनूं जिले के चुड़ैला स्थित जेजेटी विवि में चल रही ऑल इंडिया अंतर विवि ताइक्वांडो महिला वर्ग प्रतियोगिता में टीना ने अंडर 46 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड जीता है। ढाका ने बताया कि ताइक्वांडो में शेखावाटी विवि को पहली बार गोल्ड मिला है। छात्रा टीना ने यह खिताब जीतकर विवि का नाम आगे बढ़ाया है। टीना की जीत पर विवि के कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय व रजिस्ट्रार डॉ. राजवीर चौधरी ने भी खुशी जताई। शेखावाटी विवि ओर सरदार पटेल कॉलेज श्रीमाधोपुर की तरफ से भी छात्रा को सम्मानित किया जाएगा।

## सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि आए भाजपा प्रत्याशी श्रवण चौधरी के समर्थन में



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** फतेहपुर मे भाजपा का जन आधार और प्रत्याशी के प्रति समर्थन दिनों दिन बढ़ता जा रहा है भाजपा कार्यालय में आयोजित गरिमामयी समारोह में आज क्षेत्र के अनेकों सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाजपा में अपना विश्वास जताते हुए प्रत्याशी श्रवण चौधरी को समर्थन दिया।इस समारोह में ठिमोली सरपंच संजय प्रजापत, खेड़ी सरपंच परमेश्वर राव, हिरणा से जगदीश चोटिया, कारंगा से मोहन मेघवाल, पंचायत समिति सदस्य गोपाल मेघवाल, मांडेला से राम प्रसाद सुंडा, राकेश जाखड़ सहणुसर सरपंच मगन सिंह, विकास भास्कर, पालाश सरपंच मोहर सिंह, पंचायत समिति सदस्य आनंद हुड्डा, छात्र संघ अध्यक्षा कर्मा सैनी, रामगढ़ छात्र संघ अध्यक्ष भारतपाल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष मदन सिंह नरूका, जनप्रतिनिधि महावीर कटारिया आदि ने दलबल के साथ भाजपा उम्मीदवार को जी जान से समर्थन एवं सहयोग का विश्वास दिया ।इस अवसर पर श्रवण चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सब के साथ से फतेहपुर में कमल की जीत पक्की हो गई है ।अब हम सब मिलकर फतेहपुर को मोदी जी के विकास के सपने से जोड़ने का काम करेंगे जिससे यहां की बुनियादी आवश्यकताओं शिक्षा, चिकित्सा, यातायात, सुरक्षा आदि को दुरुस्त किया जा सके।

## निर्दलीय उम्मीदवार धायल ने किया कार्यालय का उद्घाटन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर। (विनोद धायल)** राजस्थान विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार ताराचंद धायल ने बुधवार को पैतृक गांव राम नगर, गुंगारा में बुजुर्गो, मातृशक्ति, बहनों, भाइयों, के साथ कार्यालय का उद्घघाटन किया। इस दौरान धायल को युवा साथियों ने बहुत आदर और सम्मान दिया व जोरदार स्वागत कर हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर स्पष्ट शब्दों में सबने एक स्वर में कहा 'ये तुम्हारा चुनाव नही हैं, ये हम सबका चुनाव हैं और हम मिलकर लड़ेंगे और जीतेंगे।' इसके अलावा धायल के पारिवारिक सदस्य व ग्रामवासियों ने इच्छापूर्ण बुढ़ा बालाजी मंदिर में चुनाव को लेकर हवन शुरू किया जो अनवरत चलता रहेगा। हवन में धायल ने आहुति देकर मेरे विधानसभा परिवार के खुशहाली की कामना की और सभी का आभार व्यक्त किया।

## डीग सीएचसी में मरीज और डॉक्टर के बीच हाथापाई

**डीग।** डीग सीएचसी में आज डॉक्टर और मरीज के बीच हाथापाई का मामला सामने आया है। घटना के बाद डॉक्टरों ने आधे घंटे तक कार्य बहिष्कार कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। इधर मारपीट के बाद युवक अस्पताल से भाग गया। चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि दोपहर 12 बजे डॉक्टर गजेंद्र पाल सिंह के पास पास्ता निवासी मरीज भोला (21) दिखाने आया था। डॉक्टर के यहां मरीजों की भीड़ लगी हुई थी। इस दौरान भोला ने डॉक्टर गजेंद्र पाल सिंह से अभद्र तरीके से बात की तो डॉक्टर गजेंद्र पाल ने उसे मना किया तो वह गाली गलौज करने लगा।

दीपावली पूर्व ब्यावर में हुई भीषण आगजनी की घटना

# शहरी इलाके में निर्मित एक गोदाम में रखे पटाखों में अचानक आग लगने से मचा अफरा तफरी का माहौल







## एक विवाहिता स्त्री की गई जान

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर, ब्यूरो चीफ (अनिल सिखवाल)।** शहर में बुधवार को तड़के वर्धमान कॉलेज के निकटवर्ती नेहरू गेट स्थित एक रिहायशी इलाके में दुकान के पीछे बने पटाखों के गोदाम में अचानक आग लगने से अफरा तफरी का माहौल हो गया एक विवाहित महिला ने जान गंवा दी गुप्त सूत्रों के अनुसार नेहरु गेट इलाके के एक रिहायशी मकान में आगजनी की भीषण घटना ने सनसनी फैला दी हादसे के बाद दमकल ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया । प्रशासनिक अधिकारियों ने मौका मुआयना किया जानकारी के मुताबिक, ब्यावर के नेहरु गेट इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने रिहायशी मकान में पटाखे का कारोबार करते हैं, इसके लिए प्रशासन ने लाइसेंस दिया है । सरकारी अनुमति के बाद ही वे अपने मकान के बाहर दुकान लगाकर पटाखों की बिक्री कर रहे थे, मकान के अंदर ही गोदाम बना रखा है । तड़के करीब चार बजे अपने परिवार के साथ पटाखे पैक कर रहे थे, इस दौरान अचानक आग लग जाने से मकान धूं-धूं कर जलने लगा। परिवार घबराकर घर से बाहर निकला मकान में रखे पटाखे फूटने पर हुए धमाकों से इलाका दहल गया । क्षेत्र के लोग नींद से जागकर घरों से बाहर निकल आए. क्षेत्र में दहशत के साथ अफरा-तफरी मच गई । घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारी सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे. दमकल के दो वाहन ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. प्रत्यक्षदर्शी की माने तो हादसे में मकान मालिक की विवाहिता पुत्री की मौत हो गई । विवाहिता की उम्र करीब 27 वर्ष बताई है ।भीषण आगजनी की सूचना पर जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह, एसपी नरेंद्र सिंह, एसडीएम मृदुल सिंह भी घटनास्थल का जायजा लेने मय टीम मौके पर पहुंचे। जिला प्रशासन ने दी चेतावनी - लाइसेंस जारी करने के दौरान की गई शर्तो की अवहेलना करने पर पटाखे विक्रेताओं पर अब होगी कड़ी कार्रवाई * दीपावली के त्यौहार के मध्य नजर जिले में पटाखे विक्रेताओं को पूर्व में जिला प्रशासन द्वारा स्थाई या अस्थाई लाइसेंस जारी किए गए हैं उनके लिए जिला प्रशासन ने चेतावनी जारी की है उन्हें लाइसेंस जारी करने के दौरान की गई शर्तों की अनुपालना करना सुनिश्चित करेंगे जिला कलेक्टर ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि जो भी लाइसेंस धारी पटाखे विक्रेता अगर फायर मापदंड व लाइसेंस के दौरान की जाने वाली शर्तों की अवहेलना करते हैं उनके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 188 (किसी आदेश की जानबूझकर अवज्ञा) और 286 (विस्फोटक पदार्थों के संबंध में लापरवाहीपूर्ण आचरण) के तहत दंडित किया जा सकता है. जबकि धारा 5 प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी लागू किया जा सकता है एवं संबधित धाराओ के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी पटाखे विक्रेता समस्त नियमों व शर्तो की पालना करना सुनिश्चित करेंगे जिससे की किसी भी प्रकार की घटना ना हो। घटना की सूचना मिलने पर कांग्रेस प्रत्याशी पारस पंच परिजनों से मिलने पहुंचे। बुधवार को तड़के जिस तरह की घटना ब्यावर शहर में घटित हुई एक बार पूरे शहर को झंझोड़ कर रख दिया सूचना मिलने ही कांग्रेस के प्रत्याशी पारस पांच परिजनों से मिलने पहुंचे पारस पंच ने परिजनों को दी सांत्वना उक्त घटना पर काफी व्यथित तथा व्याकुल भी नजर आए ।

# दांता में जननायक जनता पार्टी कार्यालय का शुभारंभ








सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़।** इंडियन पैट्रोल पम्प दांता बाई पास दांतारामगढ़ रोड़ पर बुधवार को जननायक जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ विधिवत रूप से पुजा अर्चना कर दांतारामगढ़ की जेजेपी विधायक प्रत्याशी डॉ रीटा सिंह ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर जेजेपी के कार्यकताओं पार्टी के पदाधिकारियों सहित अनेक लोग उपस्थित थे । इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने जननायक जनता पार्टी कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उद्घाटन के दौरान पार्टी पदाधिकारियों व विधायक प्रत्याशी डॉ रीटा सिंह ने कार्यकताओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने ओर पार्टी का प्रचार प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा वोट चुनाव चिन्ह चांबी पर देने की अपील की। दांतारामगढ़ जेजेपी पार्टी की विधायक प्रत्याशी डॉ रीटा सिंह सर्व मान्य नेत्री है, जन सामान्य में उनका क्रेज है ।एक महिला नेता का पावर क्या होता है उसको गुंजायमान करने वाली, सम्पूर्ण ज़िले का नेतृत्व करते हुए ज़िला प्रमुख पद को एक मिशाल बनाने वाली, ज़िले में महिला शक्ति के रूप में उभरी हुई जनभावना से जुड़ी नेत्री, जनहितैषी, जननायिका, पूर्व जिला प्रमुख डॉ रीटा सिंह इस बार दांतारामगढ़ विधानसभा चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वियों को चुनौती देते रही है। दांतारामगढ़ विधानसभा चुनाव में इस बार पति-पत्नी पत्नी आमने-सामने होंगे पर विधानसभा चुनाव में रोमांचक मुकाबला होगा।

**पूर्व में पौते को जीताने के लिए ताऊ और बाबोसा एक मंच पर आये थे साथ:** देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री व सीकर के पूर्व सांसद चौधरी देवीलाल ताऊ व पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत बाबोसा ने मिलकर ही पश्चिमी भारत में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अलख जगायी थी, उसी दौरान सन-1990 के विधानसभा चुनावों में बाबोसा के आह्वान पर चौधरी देवीलाल के पौते अजय सिंह चौटाला को दांतारामगढ़ से विधायक बनाने के लिए ताऊ और बाबोसा मंच पर एक साथ आये थे। जनता दल पार्टी के अजय सिंह चौटाला दांतारामगढ़ विधानसभा के विधायक बने थे उस समय चौधरी देवीलाल की पार्टी का नाम जनता दल था अब वही पार्टी जननायक जनता पार्टी बन गई है जिसकी दांतारामगढ़ विधानसभा की विधायक प्रत्याशी डॉ रीटा सिंह है।

बगरू में कांग्रेस को बड़ा झटका

# नगरपालिका मंडल बगरू के कांग्रेसी पार्षद भाजपा में शामिल





सितारा न्यूज नेटवर्क

**बगरू।** प्रदेश में चुनाव की रणभेरी बज चुकी है ?? एवं चुनाव प्रचार प्रसार निरंतर जारी है। बुधवार को भाजपा प्रत्याशी डॉ कैलाश वर्मा का नगरपालिका क्षेत्र बगरू में जनसंपर्क का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान नगरपालिका बगरू के कांग्रेस से निर्वाचित एवं निर्दलीय पार्षदों ने भाजपा का दामन थाम लिया। जिनमें कांग्रेस के वार्ड 11 से सोनू कुमावत, वार्ड 2 से पार्षद प्रतिनिधि गोपाल लाल कुमावत एवं वार्ड 33 से पार्षद गणेश जाट तथा वार्ड 23 व 32 से निर्दलीय पार्षद भगवान सहाय टेपण एवं नरेश देगड़ा तथा वार्ड 3 के पार्षद पुत्र रामनिवास कुमावत ने भाजपा प्रत्याशी डॉ कैलाश वर्मा की मौजूदगी में भाजपा में सम्मिलित हुए। इस दौरान डॉ वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व एवं भारतीय जनता पार्टी की अंत्योदय की भावना एवं जनकल्याणकारी नीतियों के कारण आज नगरपालिका बगरू के पार्षदगण भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित हुए हैं मैं सभी का पार्टी परिवार में स्वागत करता हूं। हम सब मिलकर बगरू में प्रचंड बहुमत से कमल खिलाने का कार्य करेंगे। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी डॉ वर्मा का विभिन्न स्थानों पर फूलमालाओं एवं फलों से तोलकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

विधानसभा आम चुनाव : 2023

# आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों को अपराध की जानकारी करनी होगी सार्वजनिक

## 10 नवबंर से 23 नवबंर 2023 तक 3 बार करना होगा प्रकाशन/प्रसारण

सितारा न्यूज नेटवर्क

**समाचार पत्र एवं टीवी चैनल्स में तीन बार देनी होगी सूचना**

**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विधानसभा आम चुनाव 2023 के दौरान राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को आपराधिक रिकॉर्ड को 3 बार अलग- अलग तय समयावधि में समाचार पत्रों में प्रकाशित कराना होगा तथा टीवी चैनल्स में प्रसारित कराना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनुपालना में आयोग ने अभ्यर्थियों के आपराधिक रिकॉर्ड यदि कोई हो तो उन्हें प्रसारित करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये है। सभी राजनैतिक दलों को जिनके द्वारा आपराधिक पूवार्वृत रखने वाले अभ्यर्थियों को उम्मीदवार बनाया गया है, उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नवीन प्रारूप सी-7 में ऐसे अभ्यर्थी के चयन से 48 घंटे के भीतर यह प्रकाशित करना होगा कि उनके द्वारा आपराधिक पूवार्वृत्त रखने वाले व्यक्ति को ही उम्मीदवार क्यों चुना गया है। उक्त प्रकाशन की सूचना ऐसे राजनैतिक दलों को प्रारूप सी-8 में 72 घंटे के भीतर भारत निर्वाचन आयोग को भी प्रेषित किया जाना आवश्यक होगा। राजनीतिक दलों तथा अभ्यर्थियों के आपराधिक मामलों के प्रचार-प्रसार के लिये उन्हें फॉर्म सी-1 व सी-2 के द्वारा राष्ट्रीय व स्थानीय समाचार पत्रों एवं टीवी चैनल्स में प्रसारित करवाना होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी द्वारा भरे गए नामांकन पत्र में यदि स्वयं के संबंध में कोई आपराधिक मामला दर्ज होने की सूचना दी जाती है, तो अभ्यर्थी एवं संबंधित राजनीतिक दल को विहित प्रारूप में सूची के अनुसार जानकारी प्रकाशित व प्रसारित करवानी होगी। आयोग के अनुसार विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों में यदि किसी का आपराधिक रिकॉर्ड है, तो प्रथम प्रचार अभ्यर्थिता वापसी के प्रथम चार दिनों के भीतर, दूसरा प्रचार अगले पांच से 8 दिनों के बीच तथा तीसरा प्रचार 9 वें दिन से प्रचार अभियान के अंतिम दिन तक (मतदान दिवस से दो दिन पूर्व तक) विज्ञापन समाचार पत्रों व टीवी चैनल पर प्रकाशित, प्रसारित करने होंगे।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में चुनाव हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों को सी-1 एवं सी-2 प्रारूप में प्रकाशन की समयावधि इस प्रकार होगी।

1 प्रथम प्रकाशन दिनांक 10-11-2023 से दिनांक 13-11-2023 के बीच

2. द्वितीय प्रकाशन दिनांक 14-11-2023 से दिनांक 17-11-2023 के बीच एवं

3. तृतीय प्रकाशन दिनाकं 18-11-2023 से चुनाव प्रचार की अंतिम तिथि तक (दिनांक 23-11-2023 तक)

ऐसे राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र जिनकी प्रसार संख्या 75 हजार प्रतिदिन हो तथा स्थानीय समाचार पत्र जिसकी प्रतिदिन 25 हजार प्रतियां प्रकाशित होती हो, में उक्त विहित सी-1 एवं सी-2 प्रारूप प्रकाशित करवाने होंगे। इसी प्रकार विभिन्न टीवी चैनल में भी इनका प्रसारण करवाना होगा, जिसकी समयावधि प्रातः 8 से रात्रि 10 बजे के बीच न्यूनतम 7 सैकंड के लिए की जानी आवश्यक होगी। गुप्ता ने बताया कि आयोग के निदेर्शानुसार फॉर्मेट सी-1 उम्मीदवारों के लिये होगा तथा सी-2 राजनीतिक दलों के लिए होगा। निर्धारित प्रपत्र के अनुसार पूरी जानकारी भरकर समाचार पत्रों व न्यूज चैनल पर प्रकाशित-प्रसारित करवाना होगा।

फॉर्मेट सी-1 में आपराधिक मामलों में घोषणा करते समय उम्मीदवार को 1. अभ्यर्थी के विरूद्ध लंबित आपराधिक मामलों से संबंधित विवरण मोटे अक्षरों में होगें, 2. समाचार पत्रों में सूचना न्यूनतम 12 फोंट के आकार में प्रकाशित कराई जाएगी, 3. प्रत्येक मामले के लिए विवरण अलग-अलग पंक्तियों में अलग-अलग दिया जाना चाहिए, 4.यदि कोई अभ्यर्थी किसी दल विशेष के टिकट पर निर्वाचन लड़ रहा है, तो उसे अपने विरूद्ध लंबित आपराधिक मामलों के बारे में अपने दल को सूचना देनी अपेक्षित होगी, 5. जैसे ही आपराधिक मामलों के संबंध में घोषणा प्रकाशित हो जाती है, अभ्यर्थी तत्काल इसकी सूचना रिटर्निंग अधिकारी को देंगे। इसके अतिरिक्त, निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 30 दिनों के भीतर वे निर्वाचन व्ययों के लेखा सहित फार्मेट सी-4 में मामलों के संबंध में घोषणा के प्रकाशन के बारे में एक रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

फॉर्मेट सी-2 जिसके तहत राजनैतिक दलों द्वारा वेबसाइट्स, समाचार चैनलों तथा समाचार पत्रों में दल द्वारा खडे किये गए अभ्यर्थियों के आपराधिक रिकॉर्ड के बारे में जानकारी देनी होगी। साथ ही राजनैतिक दल आपराधिक रिकॉर्ड वाले अभ्यर्थियों से संबंधित सूचना दल की ऑफिसियल वेबसाइट के होमपेज पर डालने के लिए भी बाध्य होंगे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सांसद निशिकांत दुबे का दावा उन पर लगाया गंभीर आरोप

# टीएमसी सांसद महुआ के खिलाफ होगी सीबीआई जांच

## 'पैसे के बदले प्रश्न पूछने' के आरोपों में बढ़ी तकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने दावा किया है कि लोकपाल ने बुधवार को मेरी शिकायत पर आरोपी सांसद महुआ के राष्ट्रीय सुरक्षा को गिरवी रखकर भ्रष्टाचार करने पर सीबीआई जांच की सिफारिश की है।

पहले खबर आई थी कि मोइत्रा पर 'पैसे के बदले प्रश्न पूछने' के आरोपों की जांच कर रही लोकसभा की आचार समिति की अहम बैठक नौ नवंबर को होगी। इस दौरान मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार करने पर चर्चा की जानी है।

**खास बात**

- दुबे ने यह दावा किया कि लोकपाल ने मेरी शिकायत पर सीबीआई जांच की सिफारिश की है

### लोकसभा की आचार समिति ने कार्यवाही पूरी की



इसके मायने निकाले जा रहे हैं कि भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति ने अपनी जांच पूरी कर ली है और अब वह अपनी सिफारिश करेगी। समिति के सदस्य दो नवंबर को साथ आए थे। समिति में 15 सदस्य हैं, जिनमें बहुमत भाजपा का है। समिति मोइत्रा के आचरण पर गंभीर रुख अपना सकती है। खासकर तब जब उन्होंने पिछली बैठक में सोनकर पर गंभीर आरोप लगाए थे। सोनकर ने मोइत्रा के आरोपों से इनकार किया है।

### क्या है मामला?

महुआ पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर संसद में सवाल पूछने का आरोप है। दुबे ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को 15 अक्टूबर को लिखे एक पत्र में आरोप लगाया था कि महुआ द्वारा लोकसभा में हाल के दिनों तक पूछे गए 61 प्रश्नों में से 50 प्रश्न अडाणी समूह पर केंद्रित थे। दर्शन की ओर से अदाणी समूह पर निशाना साधने के लिए लोकसभा में सवाल पूछती थीं। दर्शन दुबई से सवाल पूछने के लिए मोइत्रा की 'लॉगइन आईडी' का इस्तेमाल करते थे।

मोइत्रा बोलीं

### मेरे जूते गिनने के लिए सीबीआई का स्वागत

मोइत्रा ने भी दो टूक कहा है कि उन पर



सुनवाई करने से पहले कई दूसरे अडानी पर ऐसे मामले हैं जिनकी जांच हो। उसके बाद अगर जांच एजेंसी चाहे तो उनके जूते गिनने के लिए आ सकती है। टीएमसी सांसद ने एक्स पर कहा कि सीबीआई को सबसे पहले अडानी मामले को पर एफआईआर दर्ज करनी चाहिए।

### निजी जीवन के बारे में अप्रासंगिक जानकारी मांगी गई

महुआ ने कहा था कि उनसे उनके निजी जीवन के बारे में अप्रासंगिक जानकारी मांगी गई। किसी को इसके बारे में बात नहीं करनी चाहिएइससे पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा ने आरोप लगाया था कि पैसे लेकर सवाल पूछने से संबंधित आरोपों को लेकर लोकसभा की आचार समिति के समक्ष पेशी के दौरान उन्हें अपमानजनक सवालों का सामना करना पड़ा। इससे नाराज होकर उन्होंने पेशी से बाहर आने का फैसला किया।

**दावा- 11 उपस्थित सदस्यों में से पांच सदस्य बाहर आए**
महुआ ने आरोप लगाया था कि समिति के 11 उपस्थित सदस्यों में से पांच सदस्य उसके अध्यक्ष के व्यवहार का विरोध करते हुए बाहर आ गए थे। यह नाम की आचार समिति है, यह संभवतः सबसे अनैतिक पेशी थी।

---

## नीतीश की 'गंदी बात' पर देशभर में भड़की आग, नेताओं ने बताया इसे मानसिक दिवालियापन

# भाजपा विधायक परिषद में ही रोने लगीं मुख्यमंत्री ने बिहार को किया 'शर्मसार'

बिहार विधानसभा के बाद नीतीश कुमार ने परिषद में भी ज्ञान की बातें की। जनसंख्या नियंत्रण पर बातें करते-करते नीतीश कुमार ने ऐसे बयान दिया कि दूसरों के सामने कहना भी कठिन है। भरी परिषद की बैठक में सीएम नीतीश ने बेशर्मी के साथ सेक्स का ज्ञान देते रहे। वो भी अश्लील और बेहद भद्दा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा के बाद नीतीश कुमार ने परिषद में भी ज्ञान की बातें की। जनसंख्या नियंत्रण पर बातें करते-करते नीतीश कुमार परिषद में कुछ अधिक ही बोल गए। यहां पर उन्होंने वो बातें कह दी, जिसे हम लिख नहीं सकते हैं। नीतीश जब परिषद में बयान दे रहे थे, तब उनके पीछे बैठी एक महिला मंत्री कभी इधर तो कभी उधर देख रही थी।

शायद में मंत्री के मन में चल रहा होगा कि गलत समय पर यहां बैठ गई। वे मुंह छिपाने का भी प्रयास कर रही थीं। बिहार सीएम ने जो कुछ भी कहा उसे सुन भाजपा की विधान पार्षद निवेदता सिंह रो बैठी। सदन से बाहर आने पर निवेदता ने कहा कि नीतीश ने बिहार को शर्मसार किया है। सिंह ने कहा कि वे भी एक पिता हैं। हम भी मां, बहन, पत्नी और सीएम बोल रहे थे और हम सभी उनकी बातों को सुन रहे थे। मैं तो सदन से बाहर निकल गई। अगर चाहती तो सीएम को जवाब देकर बाहर आती। लेकिन मेरे नेता वहां बैठे थे, इसलिए मैं चुप रही।





### देशभर के नेताओं ने बताया शर्मनाक, इतिहास की अब तक की सबसे भद्दी भाषा

नीतीश पर भड़के अश्विनी चौबे

### यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण, तत्काल इस्तीफा दें



भाजपा को नीतीश के इस बयान में महिलाओं को अपमान नजर आया और कई नेताओं ने नीतीश कुमार की आलोचना की। नीतीशकी विधानसभा में महिलाओं पर कई गई टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने भी आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही शर्मनाक है। आज तक के इतिहास में किसी ने भी अब तक इस तरह की भद्दी टिप्पणी नहीं की होगी। उन्होंने महिलाओं को लेकर जिस तरह की अश्लील भाषा का इस्तेमाल किया है, वह बहुत दुर्भावनापूर्ण है। उन्हें तुरंत पद से इस्तीफा देना चाहिए।

बिहार भाजपा अध्यक्ष सम्राट बोले

### नीतीश ने महिलाओं का किया अपमान

बिहार भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने जनसंख्या नियंत्रण को लेकर नीतीश के शब्दों के लिए उनकी



निंदा की। उन्होंने कहा कि बिहार की साढ़े छह करोड़ महिलाएं शर्मसार हो गई हैं। बिहार की मां, बेटी और बहनें अब नीतीश कुमार की सभा में जाने से भागेंगी। उनका भाषा पर कोई लगाम नहीं है. इसके पहले भी वे इस तरह की कई अशोभनीय टिप्पणी कर चुके हैं।

भाजपा के निखिल बोले

### सीएम के देह-दिमाग-दिल का संतुलन खो दिया

भाजपा नेता निखिल आनंद ने भी वीडियो शेयर करते सीएम पर निशाना साधा।



उन्होंने एक्स पर लिखा कि बिहार के सीएम उम्र के ढलान पर हैं और उनका देह-दिमाग-दिल आपस में संतुलन स्थापित नहीं कर पा रहा है। अपनी जिद में नीतीश जी बिहार को किस रसातल की गर्त में पहुंचाएंग. सदन में सीएम की ऐसी भाषा पर सत्ता पक्ष ठहाके लगा रहा है। सत्ता के नशे में चूर, इन्हें शर्म भी नहीं आती।

केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा

### लालू यादव परिवार के साथ ऐसे बयान सुनेंगे, नीतीश मानसिक बीमार



केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने तेजस्वी यादव के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए पूछा है कि क्या लालू प्रसाद यादव अपनी बहू-बेटियों और पोते-पोतियों के साथ बैठकर नीतीश कुमार का बयान सुनेंगे? सिंह ने इसके साथ ही नीतीश पर बड़ा हमला बोलते हुए उन्हें मानसिक रूप से बीमार बताया। सिंह ने कहा कि नीतीश अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं और वह डिमेंशिया के शिकार हो गए हैं। वे अक्सर सार्वजनिक कार्यक्रमों में अपनी पार्टी के नेताओं का नाम भूल जा रहे हैं। भाषण देते हुए कुछ का कुछ बोले जा रहे हैं। लेकिन,जो कहा वह कल्पना से परे है। उन्हें अब पद पर नहीं रहना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री नित्यानंद ने कहा

### 1 नहीं 100 बार माफी मांगनी चाहिए, गंगाजल पीकर तपस्या करें



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने नीतीश के बयान को लेकर कहा कि यह बहुत आपत्तिजनक है। बिहार समेत देश दुनिया की मां और बहने उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। नीतीश को एक बार नहीं 100 बार माफी मांगनी चाहिए। नीतीश को सलाह देते हुए नित्यानंद राय ने कहा कि नीतीश कुमार को गंगाजल पी-पीकर गंगा के तट पर तपस्या करके अपना जीवन बिताना चाहिए।सम्राट चौधरी, गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, अश्विनी चौबे समेत भाजपा के कई दूसरे नेताओं ने भी नीतीश-तेजस्वी के बयानों की निंदा की है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के जंतर मंतर पर नीतीश का पुतला फूंका। वहीं, पटना में भी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने नीतीश-तेजस्वी का पुतला फूंका।

चिराग ने भी दी प्रतक्रिया

### नीतीश कुमार को अब इलाज की जरूरत

चिराग पासवान ने कहा कि नीतीश कुमार को अब इलाज की जरूरत हो



गई है।। 'मानसिक तौर पर मुख्यमंत्री बीमार'। चिराग ने नीतीश के दिए गए आपत्तिजनक बयान के बाद कहा कि नीतीश गंभीर नेता थे। लेकिन गंभीर नेता के बयान अश्लील शब्दों में दिखे यह कहीं से भी स्वीकार नहीं है। मैंने कभी उन पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं की है। पर आज मुझे लगता है कि उनको लेकर जो अफवाहें हैं वह सही है।

---

गोवा में बोले खेल मंत्री अनुराग

# मीडिया व मनोरंजन उद्योग में सालाना 20% की वृद्धि



एजेंसी ▶▶ पणजी

भारत के बाजार की विश्व रैंकिंग 5वें नंबर पर है, जो भारत की मीडिया और मनोरंजन उद्योग की शक्ति दर्शाती है। यह बाजार पिछले तीन वर्षों में 20 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि के साथ हर साल बढ़ रहा है। भारत में बनी फिल्में देश के कोने-कोने में छा गई हैं और अब दुनिया के दूर-दराज स्थानों तक पहुंच रही हैं।

यह बात केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने गोवा में 54वां अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उदघाटन के वक्त कही। ठाकुर ने घोषणा की कि यह महोत्सव 20 नवंबर से 28 नवंबर तक गोवा में आयोजित होगा। इस वर्ष सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार विश्व सिनेमा के दीप्तिमान सितारे माइकल डगलस को प्रदान किया जाएगा, जिन्हें सिनेमाई जगत में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है इफ्फी के अंतरराष्ट्रीय खंड में प्राप्त फिल्मों की संख्या में तीन गुना वृद्धि देखी गई है और यह आकर्षण का परिचायक है।

### ओटीटी प्लेटफार्मों पर पुरस्कार की शुरुआत

नए शुरू किए गए ओटीटी पुरस्कारों के बारे में उन्होंने कहा,कोविड-19 महामारी के बाद से ओटीटी उद्योग ने भारत में वृद्धि की है । यह मंच हजारों लोगों को रोजगार दे रहा है। 15 ओटीटी प्लेटफार्मों से 10 भाषाओं में 32 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं और विजेता को दस लाख की राशि से सम्मानित किया जाएगा।

### क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो पहल

ठाकुर ने देश में तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम के बारे कहा कि सरकारें ऐसी संस्थाओं को पोषित करने के लिए एक समर्थन प्रणाली बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। फिल्म क्षेत्र में स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने और दूरदराज के इलाकों से प्रतिभाओं को पहचानने के लिए हमने क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो पहल की शुरुआत की थी।

### इफ्फी के सभी स्थलों में सुविधाएं होंगी

अनुराग ने बताया कि इस वर्ष के इफ्फी के सभी स्थलों में सभी सुविधाएं होंगी और उन तक दिव्यांगों की पहुंच होगी। दृष्टिबाधितों के लिए ऑडियो डिस्क्रिप्शन, श्रवणबाधितों के लिए सांकेतिक भाषा, कई भाषाओं में कंटेंट की डबिंग सबका साथ सबका विकास के मंत्र का प्रतीक होगा। इफ्फी दुनिया के 14 सबसे बड़े और सबसे प्रतिष्ठित 'अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता फीचर फिल्म समारोहों' में से एक है, जिसे एफआईएपीएफ द्वारा मान्यता प्राप्त है।

---

## खबर संक्षेप

### पत्नी को सीएम बनाना चाहते हैं केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को शराब



घोटाले में ईडी की ओर से तलब किए जाने के बाद से गिरफ्तार होने की आशंका है। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि वे पत्नी सुनीता को सीएम बनाना चाहते थे लेकिन विधायकों ने मना कर दिया।

### पंचकूला में भेष बदलकर मेले में घूमे सीएम खट्टर

**पंचकूला।** हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर का एक वीडियो



सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि वे चौकीदार के भेष में दिख रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि मनोहर साल एक मेले में अपना लुक बदल कर घूमते दिख रहे हैं।

### बांके बिहारी मंदिर मामले में फैसला रखा सुरक्षित

**प्रयागराज।** वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर के लिए गलियारा



निर्माण केस में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने निर्णय सुरक्षित रख लिया।मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की पीठ ने मथुरा के आनंद शर्मा और एक अन्य द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई पूरी की।

---

## प्रदूषण के चलते दिल्ली में छुट्टी का ऐलान

# आज से 9 से 18 नवंबर तक बंद रहेंगे सभी स्कूल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के चलते केजरीवाल सरकार ने समय से पहले शीतकालीन छुट्टियों का एलान कर दिया है। 9 से 18 नवंबर तक सभी स्कूलों में छुट्टी रहेगी, जबकि 19 नवंबर को रविवार है। अब स्कूल 20 नवंबर को खुलेंगे। इससे पहले 5 नवंबर को सरकार ने 5वीं तक के स्कूल 10 नवंबर तक बंद रखने का निर्णय लिया था। हालांकि छठी से 12वीं तक के स्कूलों को कोई आदेश नहीं मिला था।

उन्हें ऑनलाइन क्लासेज का विकल्प दिया गया था। 12 नवंबर को दिवाली है। प्रदूषण का स्तर और अधिक बढ़ने की संभावना है।दिल्ली के स्कूलों में विंटर ब्रेक की छुट्टियां दिसंबर-जनवरी के महीने में होती हैं, लेकिन प्रदूषण के चलते इस बार सरकार ने काफी पहले सर्दी की छुट्टियां घोषित कर दी हैं।

मंत्रियों के साथ मीटिंग के बाद बोले गोपाल

### पूरी क्षमता से चलेंगे स्मॉग टावर ऑड-ईवन पर फैसला टला



दिल्ली की हवा के हालात बदतर हो गए हैं कि आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को ऑड-ईवन कार राशनिंग योजना पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों के कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए एक तत्काल बैठक की। जहां कई तरह के फैसले लिए गए हैं, इस बैठक में दिल्ली सरकार के सभी महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे हैं।

### 611 टीमों का गठन भी किया

गोपाल ने मीटिंग के बाद एक प्रेस वार्ता कर कई प्लान साझा किए हैं। राय ने सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देते हुए कहा कि स्मॉग टावर को पूरी क्षमता से चलाया जाना चाहिए। प्रदूषण पर निगरानी के लिए 611 टीमों का गठन भी किया गया है।

---

मदरसा बोर्ड की रिपोर्ट

### उत्तराखंड के मदरसों में 10 फीसदी बच्चे गैर मुस्लिम पाए गए

**देहरादून।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड की एक रिपोर्ट पर आपत्ति जताई है, जिसमें कहा गया है कि राज्य के 30 मदरसों में पढ़ने वाले 7,399 छात्रों में से लगभग 10 फीसदी मुस्लिम नहीं हैं। अब आयोग चाहता है कि माइनॉरिटी वेलफेयर डिपार्टमेंट यह स्पष्ट करे कि इन बच्चों को राइट टू एजुकेशन एक्ट के तहत "स्कूलों" में रजिस्टर क्यों नहीं किया गया है। बच्चों का डाटा वक्फ बोर्ड को दिए गए निर्देशों के बाद जुटाया गया था। इससे पहले उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने एनसीईआरटी सिलेबस लागू करने के ऐलान के साथ मदरसों के मॉडर्नाइजेशन का ऐलान किया था।

---

### पुरस्कार और डिग्री प्रदान करतीं राष्ट्रपति




**श्रीनगर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर, उत्तराखंड के 11वें दीक्षांत समारोह में पुरस्कार और डिग्री प्रदान की।

---

## पीएम ने प्रतिभाओं की रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया

# भारत की उद्यमशीलता व रचनात्मक भावना का जश्न मनाएं

## नागरिकों से लोकल के लिए वोकल होने का किया आग्रह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्थानीय प्रतिभाओं के समर्थन और भारत की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पीएम



नरेंद्र मोदी ने बुधवार को जनता से डिजिटल मीडिया का उपयोग करके भारत की उद्यमशीलता और रचनात्मक भावना का जश्न मनाने का आग्रह किया। उन्होंने एक लिंक भी साझा किया, जिस पर लोग नमो एप पर उत्पाद या उसके निर्माता के साथ एक सेल्फी पोस्ट कर सकते हैं।

**जल दिवाली अभियान**

### देशभर से 4,100 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया



जल दिवाली अभियान के पहले दिन देश भर में उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। महिलाएं पानी के लिए, पानी महिलाओं के लिए अभियान में देश भर से 4,100 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। शहरी कार्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और ओडिशा शहरी अकादमी की साझेदारी में अपनी अहम योजना अमृत के तहत "महिलाएं पानी के लिए, पानी महिलाओं के लिए" विषयक एक प्रमुख अभियान मंगलवार को शुरू किया था।

**250 से अधिक जलसंयंत्रों का दौरा किया**

इन महिलाओं ने देश भर में स्थित 250 से अधिक जल उपचार संयंत्रों का दौरा किया और घरों तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाने की जटिल प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने महिलाओं का फूलों से स्वागत किया।

**मोदी की अपील**

### डिजिटल मीडिया की शक्ति का उपयोग करें

पीएम ने कहा कि ऐसे उत्पाद खरीदें जो स्थानीय स्तर पर बनाए गए हों और फिर नमो ऐप पर उत्पाद या निर्माता के साथ एक सेल्फी पोस्ट करें। अपने मित्रों और परिवार को अपने सूत्र में शामिल होने और सकारात्मकता की भावना फैलाने के लिए आमंत्रित करें। आइए हम स्थानीय प्रतिभाओं का समर्थन करने, साथ ही भारतीयों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और अपनी परंपराओं को समृद्ध बनाए रखने के लिए डिजिटल मीडिया की शक्ति का उपयोग करें।



### मुंबई में प्रदूषण मुक्त दिवाली अभियान शुरू

दिवाली से पहले मुंबई में बढ़ते प्रदूषण को लेकर लोग परेशान हैं। ऐसे में दिवाली के त्योहार को देखते हुए महाराष्ट्र मौसम विभाग और महाराष्ट्र पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने मिलकर मंत्रालय प्रांगण में प्रदूषण मुक्त दिवाली अभियान 2023 शुरू किया। इसमें स्कूली बच्चे शामिल हुए। सीएम एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने अभियान की शुरुआत की।

---

गाजियाबाद से अलीगढ़ जा रहे थे

## ख्यात कवि विश्वास के काफिले पर हमला, पुलिस ने केस दर्ज किया

गाजियाबाद

गाजियाबाद में जाने-माने कवि कुमार विश्वास के काफिले में शामिल सुरक्षाकर्मियों पर हमला हो गया। एक कार सवार पर हमला करने का आरोप लगाया जा रहा है। विश्वास ने खुद अपने सोशल मीडिया हेंडल एक्स पर इस घटना की जानकारी साझा की है।

- पुलिस ने रोका सुरक्षाकर्मी को बनाया निशाना

बुधवार को कवि कुमार विश्वास गाजियाबाद से अलीगढ़ की तरफ जा रहे थे। इस दौरान उनके काफिले में शामिल सुरक्षाकर्मी पर हमला किया गया। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।



### विश्वास ने एक्स पर लिखा, रोका तो...

विश्वास ने लिखा कि अलीगढ़ जाते समय वसुंधरा स्थित घर से जब निकला तो हिंडन के तट पर, किसी कार चालक ने सुरक्षाकर्मियों की कार पर दोनों ओर से हमला करने की कोशिश की। सुरक्षाकर्मियों ने उसे पूछताछ के लिए रोका तो, उसने केंद्रीय बलों के सुरक्षाकर्मियों पर भी हमला किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# भारतीय खिलाड़ियों ने किया अभ्यास, बल्लेबाजों को बुमराह ने किया गुमराह

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारतीय क्रिकेटरों ने नीदरलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले विश्व कप के अंतिम लीग मैच से पहले बुधवार को यहां वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग लिया, जिसमें बल्लेबाजों ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की तीखी गेंदों का स्वाद भी चखा। बुमराह की शार्ट पिच गेंद पेट पर लगने के कारण इशान किशन कुछ समय के लिए जमीन पर लेट गए थे। उन्हें इस चोट से उबरने और फिर से अभ्यास शुरू करने में थोड़ा समय लगा।

शुभमन गिल ने मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया और उन पर लंबे शॉट लगाए लेकिन जब उन्होंने बुमराह का सामना किया तो फिर रक्षात्मक बल्लेबाजी की। यह भले ही वैकल्पिक अभ्यास सत्र था लेकिन बुमराह ने एक सेकंड के लिए भी इसे हल्के से नहीं लिया। उन्होंने पूरे 20 मिनट तक अपनी पूरी क्षमता के साथ गेंदबाजी की।








### विराट कोहली ने किया आराम

*वैकल्पिक अभ्यास सत्र होने के कारण विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव ने इसमें भाग नहीं लिया जबकि अन्य खिलाड़ियों ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की नेट पर समय बिताया। कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका पर 243 रन की बड़ी जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम मंगलवार को यहां पहुंची थी। इसके बाद खिलाड़ियों ने एक दिन विश्राम किया। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम थी।*

## तीन टीमें, तीन दिन और एक स्थान, अंतिम-4 में किससे भिड़ेगा भारत ?

*__कोलकाता।__ आस्ट्रेलिया की अफगानिस्तान पर चमत्कारिक जीत के बाद यह तय हो गया कि विश्व कप सेमीफाइनल में उसका सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा लेकिन भारत के खिलाफ खेलने के लिए अभी न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और अफगानिस्तान तीनों दौड़ में हैं। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के आठ आठ अंक हैं लेकिन नेट रनरेट के आधार पर ही उनके क्रम में अंतर है। न्यूजीलैंड का रनरेट (प्लस 0.398) सबसे ज्यादा है तो बेंगलुरु में आखिरी ग्रुप मैच में श्रीलंका से खेलेगी। उसे अच्छे अंतर से जीत दर्ज करने के अलावा यह दुआ भी करनी होगी कि पाकिस्तान (प्लस 0.036) और अफगानिस्तान (माइनस 0.038) हार जाएं। न्यूजीलैंड लगातार चार मैच हार चुका है और बेंगलुरु में मैच के दौरान बारिश की भी संभावना है। ईडन गार्डंस पर भारत और पाकिस्तान के बीच सेमीफाइनल की संभावना बनी हुई है। इसके लिए पाकिस्तान को शनिवार को इंग्लैंड पर धमाकेदार जीत दर्ज करनी होगी। अफगानिस्तान का सामना शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका से होना है।*



## खबर संक्षेप




### जीत के बारे में सोच रहा था मैक्सवेल

**मुंबई।** आस्ट्रेलिया के सात विकेट 91 रन पर गिरने के बाद कप्तान पैट कमिंस जब बल्लेबाजी के लिए आए तो उनका लक्ष्य किसी तरह 200 रन तक पहुंचना था ताकि बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप के आखिरी लीग मैच से पहले नेट रनरेट बेहतर रहे। लेकिन ग्लेन मैक्सवेल कुछ और ही सोचकर उतरे थे । आस्ट्रेलियाई कप्तान ने दूसरे छोर से 'वनडे क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ पारी' देखी। मैक्सवेल 128 गेंद में 201 रन बनाकर नाबाद रहे और अपनी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया।

### क्वालीफायर मैच कुवैत में खेलेगा फलस्तीन

**सिडनी।** फुटबॉल आस्ट्रेलिया ने कहा कि उसकी टीम विश्व कप 2026 क्वालीफायर में फलस्तीन के खिलाफ दूसरे दौर का मैच 21 नवंबर को तटस्थ स्थान पर कुवैत में खेलेगी।



फुटबॉल आस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, 'क्षेत्र में मौजूदा हालात को देखते हुए एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने औपचारिक तौर पर अनुरोध किया है कि फलस्तीन का घरेलू मैच तटस्थ स्थान पर होगा।' इसमें कहा गया कि मैच कुवैत के जबेर अल अहमद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर होगा।

### फर्ग्युसन की वापसी से बेहतर होगी गेंदबाजी



**बेंगलुरु।** विश्व कप में न्यूजीलैंड की गेंदबाजी अभी तक अपेक्षा के अनुरुप नहीं रही है लेकिन लेकिन कप्तान केन विलियमसन ने बुधवार को उम्मीद जताई कि लॉकी फर्ग्युसन की वापसी से उनके आक्रमण को धार मिलेगी। फर्ग्युसन चोट के कारण पिछले दो मैच नहीं खेल सके। अब न्यूजीलैंड को गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ करो या मरो का मैच खेलना है। विलियमसन ने कहा, 'वह हमारे आक्रमण में संतुलन लाता है। उसने टूर्नामेंट में उपयोगी योगदान दिया है और उसके पास अपार अनुभव है।'

### शाजी को भरोसे की कमी के कारण निकाला

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने अपने महासचिव शाजी प्रभाकरण को विश्वास के हनन के कारण बर्खास्त कर दिया। प्रभाकरण को नियुक्ति के 14 महीने के भीतर ही बर्खास्त कर दिया गया। एआईएफएफ ने यह नहीं बताया कि विश्वास के हनन की किस घटना के कारण यह कदम उठाना पड़ा।



## वर्ल्ड कप : अंग्रेजों की वर्ल्ड कप में दूसरी जीत

# नीदरलैंड को 160 रन से हराकर इंग्लैंड सूची में सातवें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| पुणे

बेन स्टोक्स की आक्रामक शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड ने आईसीसी वनडे विश्व कप मैच में बुधवार को यहां नीदरलैंड 160 रन से हराकर टूर्नामेंट की दूसरी जीत दर्ज की। दोनों ही टीमें खिताबी दौड़ से बाहर हैं लेकिन विश्व कप में पाकिस्तान को छोड़कर शीर्ष सात स्थानों पर रहने वाली टीमें चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करेंगी। गत चैम्पियन टीम इस मैच से पहले 10वें पायदान पर थी लेकिन बड़ी जीत के बाद इंग्लैंड ने तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच कर चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। स्टोक्स ने 83 गेंद में 108 रन की पारी के दौरान छह छक्के और इतने ही चौके लगाये जिससे इंग्लैंड ने नौ विकेट पर 339 रन बनाने के बाद नीदरलैंड की पारी को 37.2 ओवर में 179 रन पर समेट दिया। इंग्लैंड के लिए मोईन अली और राशिद खान ने तीन-तीन विकेट लिये। नीदरलैंड के लिए तेजा निदामानुरू ने 34 गेंद में नाबाद 41 रन बनाये लेकिन उन्हें कप्तान स्कॉट एडवर्ड (42 गेंद में 38 रन) के अलावा किसी और का साथ नहीं मिला। दोनों ने छठे विकेट के लिए 50 गेंद में 59 रन जोड़े। इंग्लैंड को इस मैच में सलामी बल्लेबाज डाविड मलान ने 10 चौके और दो छक्के की मदद से 74 गेंद में 84 रन की पारी खेल तेज शुरुआत दिलाई जबकि स्टोक्स ने मध्यक्रम में टीम को स्थिरता दिलाने के बाद आखिरी ओवरों में तेजी से रन जुटाये। स्टोक्स को आखिरी ओवरों में वोक्स का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 45 गेंद में 51 रन बनाये। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 81 गेंद में 129 रन की आक्रामक साझेदारी की। नीदरलैंड की ओर से बास डी लीडे ने 74 रन देकर तीन जबकि आर्यन दत्त और लोगन वैन बीन ने दो-दो विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज एक बार फिर से टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने में नाकाम रहे। पांचवें ओवर में मैक्स ओडोड (पांच) को क्रिस वोक्स ने चलता किया तो छठे ओवर में डेविड विली की गेंद पर कोलिन एकरमैन खाता खोले बगैर विकेटकीपर जोस बटलर को कैच थमा बैठे। सलामी बल्लेबाजी वेस्ले बारेसी ने दूसरे छोर से कुछ अच्छे शॉट लगाये। उन्होंने 14वें ओवर में मोईन के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। क्रीज पर उनके साथ मौजूद साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने गस एटकिंसन की गेंद को दर्शकों के पास भेजा। यह साझेदारी खतरनाक हो ही रही थी कि बारेसी दो रन चुराने के चक्कर में गफलत का शिकार होकर रन आउट हो गये।

- स्टोक्स का शतक; मोइन-रशीद ने झटके 3-3 विकेट



**शीर्ष स्कोरर**



क्विंटन डिकॉक
550 रन
दक्षिण अफ्रीका

**शीर्ष विकेट टेकर**



दिलशान मधुशंका
21 विकेट
श्रीलंका

**वर्ल्ड कप : अंक तालिका**

| टीम | खेले | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 16 |
| द. अफ्रीका | 8 | 6 | 2 | 12 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 6 | 2 | 12 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 4 | 4 | 8 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 8 |
| अफगानिस्तान | 8 | 4 | 4 | 8 |
| इंग्लैंड | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बांग्लादेश | 8 | 2 | 6 | 4 |
| श्रीलंका | 8 | 2 | 6 | 4 |
| नीदरलैंड्स | 8 | 2 | 6 | 4 |

### वनडे में बनाए 3379 रन

*बता दें कि बेन स्टोक्स ने अभी तक वनडे में कुल 113 मैचों में 3379 रन बना लिए हैं, जबकि गेंदबाजी में उन्होंने 113 मैचों में कुल 74 विकेट चटकाए हैं। वनडे में बेन स्टोक्स का औसत 39 का है। वहीं, स्ट्राइक रेट 94 का रहा है। वनडे में स्टोक्स ने 23 अर्धशतक और 5 शतक जड़ दिए हैं। टी-20 इंटरनेशनल में बेन स्टोक्स ने 43 मैच खेलते हुए 585 रन बना लिए हैं। वहीं, टी-20 इंटरनेशनल में कुल 26 विकेट चटकाए।*

## मैक्सवेल की धमाकेदार पारी ने कपिल देव की याद दिला दी



एजेंसी ▶▶| मुंबई

टनब्रिज वेल्स में 1983 में वह सर्दियों की सुबह थी और 40 साल बाद वानखेड़े स्टेडियम पर गुनगुनी शाम, लेकिन जीत का वही जुनून और बल्ले से रनों के रूप में वही आतिशबाजी क्रिकेट की इतिहास पुस्तिका में हमेशा के लिए दर्ज हो गई। उस समय कपिल देव थे तो अब ग्लेन मैक्सवेल।

जिम्बाब्वे के खिलाफ इंग्लैंड में विश्व कप के उस मैच में भारत के पांच विकेट 17 रन पर गिर चुके थे तो अफगानिस्तान के खिलाफ इस विश्व कप में आस्ट्रेलिया ने सात विकेट 91 रन पर गंवा दिए थे। समानताएं यहीं खत्म नहीं होती। 25 जून 1983 को टीम मैनेजर पी आर मान सिंह ने कपिल की बल्लेबाजी के दौरान क्रिस श्रीकांत को बाथरूम जाने नहीं दिया था और वह एक ही जगह पर खड़े रहे। कपिल की बल्लेबाजी के दौरान ड्रेसिंग रूम में कोई जगह से नहीं हिला। कपिल ने 175 रन की पारी खेलकर अनहोनी को होनी कर दिखाया था । इसी तरह मैक्सवेल जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में अपनी जगह से तब तक नहीं उठे जब तक उसने मुजीबुर रहमान को छक्का नहीं जड़ दिया।

### काश मैक्सवेल के लिए दर्शक दीर्घा में भी फील्डर लगा पाते

*__मुंबई।__ वानखेड़े स्टेडियम पर गगनभेदी छक्के लगाने वाले ग्लेन मैक्सवेल की पारी को लेकर अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि काश वे दर्शक दीर्घा में भी फील्डर लगा पाते ताकि उन्हें आउट किया जा सके। मैक्सवेल ने पारी की शुरुआत में मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 128 गेंद में नाबाद 201 रन बनाए जिसमें 21 चौके और 10 छक्के शामिल थे। ट्रॉट ने कहा, 'कुछेक चीजें हम अलग तरीके से कर सकते थे ।*

## राष्ट्रीय खेल: 161 मेडल जीत हरियाणा तीसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| पणजी/चंडीगढ़

गोवा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा 53 गोल्ड, 48 सिल्वर और 60 ब्रॉन्ज मेडल के साथ इतिहास रचने की ओर है। हरियाणा के खिलाड़ियों ने अब तक कुल 161 मेडल जीत लिए हैं। फिलहाल पदक तालिका में हरियाणा तीसरे स्थान पर है। राष्ट्रीय खेलों का समापन 9 नवंबर को होगा। बुधवार को पुरुष हॉकी फाइनल में हरियाणा का मुकाबला कर्नाटक से हुआ। हरियाणा के खिलाड़ियों ने यह मुकाबला 5-3 से जीत कर स्वर्ण पदक प्रदेश के नाम किया। जबकि महिला टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वही, हरियाणा कबड्डी महिला व पुरुष टीम ने रजत पदक जीता। बॉक्सिंग के मुकाबले में रिंकू, स्वीटी बूरा और मनीषा ने गोल्ड मेडल जीते। इनके अलावा बॉक्सिंग में आज हुए मुकाबले में प्रदेश को नवीन कुमार ने सिल्वर व अभिमन्यु व शिवन ने ब्रॉन्ज मेडल दिलाए। कलारीपयट्टू के मुकाबले में हरियाणा ने एक सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल जीते। आशीष ने सिल्वर मेडल जीता। हर्षिता यादव व सानिका की टीम ने ब्रॉन्ज, प्रदीप ने सिंगल इवेंट व हर्षिता यादव ने प्रदेश को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। हरियाणा दल के इंचार्ज और हरियाणा ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष, पूर्व मंत्री श्री मनीष कुमार ग्रोवर ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने हॉकी के पुरुष व महिला टीमों को जीत पर शुभकामनाएं दी। साथ ही अन्य मैचों में विजेता रहे खिलाड़ियों से भी फोन पर बातचीत करके उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



- हरियाणा पुरुष हाकी टीम ने कर्नाटक को हराकर जीता गोल्ड
- महिला हॉकी टीम ने को मिला सिल्वर मेडल
- बॉक्सिंग में जीते 3 गोल्ड कब्जाए

### हैंडबॉल टीमें आज खेलेंगी फाइनल मैच

37वे नेशनल गेम्स गोवा में हरियाणा की हैंडबॉल की पुरुष एवं महिला टीमों ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। और बीच महिला हैंडबॉल बार टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। अब बृहस्पतिवार को हरियाणा की पुरुषों की टीम सर्विसेज के साथ व महिला टीम हिमाचल प्रदेश के साथ स्वर्ण पदक के लिए मैच खेलेंगी जबकि बीच महिला हैंडबॉल टीम महाराष्ट्र के साथ सेमीफाइनल मैच खेलेगी।

## बाबर ने नेट्स पर बहाया पसीना...



**कोलकाता।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर शादाब खान सिर में लगी चोट से उबरकर वापसी के लिए तैयार दिख रहे हैं जबकि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले विश्व कप मैच से पहले कप्तान बाबर आजम ने बुधवार को यहां अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया। पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने दो दिन तक कोलकाता घूमने के बाद बुधवार की शाम को तीन घंटे तक अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए उसे इंग्लैंड के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

### ओलंपिक कोटा हासिल करने में नाकाम रहे भारतीय रिकर्व तीरंदाज

**बैंकॉक।** भारत के रिकर्व तीरंदाज बुधवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में जगह नहीं बना पाए और इस तरह से अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए टीम स्पर्धा का कोटा हासिल करने में नाकाम रहे। रिकर्व वर्ग में अंकिता भक्त, भजन कौर और तिशा पूनिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया से हार गई। कांस्य पदक के लिए उसका मुकाबला चीनी ताइपे से होगा। धीरज बोम्मदेवरा, तरूणदीप राय और प्रवीण जाधव की दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान से हार गई। इससे पहले भारतीय तीरंदाज विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में भी कोटा हासिल करने में नाकाम रहे थे।

## बारिश से मैच रद होने की दशा में कीवी टूर्नामेंट से होंगे बाहर

# श्रीलंका और न्यूजीलैंड के मैच में बारिश का खतरा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

शुरुआती शानदार प्रदर्शन के बाद विश्व कप में न्यूजीलैंड का अभियान मंद पड़ गया और अब श्रीलंका के खिलाफ गुरुवार को 'करो या मरो' के मुकाबले में उसे हर हालत में लय फिर हासिल करनी होगी। न्यूजीलैंड के आखिरी लीग मैच पर बारिश का भी खतरा है। न्यूजीलैंड के आठ अंक है और उसे पता है कि हार या बारिश से मैच रद्द होने की दशा में वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा। इस समय न्यूजीलैंड तालिका में चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के भी आठ अंक हैं। पाकिस्तान का रनरेट प्लस 0.036 है जबकि अफगानिस्तान का माइनस 0.338 है। इन दोनों के भी सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना है बशर्ते पाकिस्तान आखिरी लीग मैच में इंग्लैंड को या अफगानिस्तान दक्षिण अफ्रीका को हरा दे। ऐसे में न्यूजीलैंड को विशाल अंतर से जीत दर्ज करनी होगी जिसका रनरेट इस समय प्लस 0.398 है।न्यूजीलैंड के लिए हालात बहुत अच्छे नहीं है और सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए उसे हर हालत में जीतना है। इंग्लैंड की तरह न्यूजीलैंड के बल्लेबाज तो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच को छोड़कर बाकी मैचों में नाकाम नहीं रहे लेकिन गेंदबाज जरूरत के समय चल नहीं सके। इसी मैदान पर न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ 400 रन बनाए थे लेकिन पाकिस्तान के फखर जमां के आगे उसके गेंदबाज चल नहीं सके।



**श्रीलंका भी चोटों से परेशान :** सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी श्रीलंकाई टीम के पास पाथुम निसांका और सदीरा समरविक्रमा जैसे बल्लेबाज हैं। उसे भी अहम खिलाड़ियों की चोटों ने प्रभावित किया है। अब वह इस मैच में जीत के साथ सम्मानपूर्वक विदा लेने के इरादे से उतरेंगे।

### संभावित टीमें

**न्यूजीलैंड :** टॉम लाथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, विल यंग, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढी, टिम साउथी, ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्युसन और मैट हेनरी।

**श्रीलंका :** कुसल मेंडिस (कप्तान), कुसल परेरा, पथुम निसांका, दुशमंत चमीरा, दिमुथ करुणारत्ने, सदीरा समरविक्रमा, चैरिथ असलांका, धनंजय डी सिल्वा, महेश तीक्षणा, डुनिथ वेलालेज, कासुन राजिथा, एंजेलो मैथ्यूज, दिलशान मदुशंका, दुशान हेमंथा, चमिका करुणारत्ने।

## 100 से अधिक पदक जीतना बड़ी उपलब्धि



**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने चीन के हांगझोउ में हाल में समाप्त हुए एशियाई खेल और पैरा एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतरीन करार देते हुए बुधवार को यहां कहा कि इन दोनों प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक पदक जीतना बड़ी उपलब्धि है। उषा यहां राष्ट्रीय खेलों की गोल्फ प्रतियोगिता देखने के लिए दिल्ली गोल्फ क्लब पहुंची थी। उषा ने कहा, 'हमारे खिलाड़ियों ने एशियाई खेल और एशियाई पैरा खेल दोनों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। दोनों प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक पदक जीतना बड़ी उपलब्धि है।'

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# वायु सेना ने रूसी एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम एस-400 का नाम 'सुदर्शन' रखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**वायु सेना ने भगवान कृष्ण के हथियार 'सुदर्शन चक्र' के नाम पर रूस से मिले एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम एस-400 का 'सुदर्शन' नाम रखा है।**

भारतीय वायु सेना ने भगवान कृष्ण के हथियार 'सुदर्शन चक्र' के नाम पर रूस से मिले एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम एस-400 को 'सुदर्शन' रखा है। अब तक 3 स्क्वाड्रन भारत में आ चुकी है और बाकी दो की डिलीवरी 2024 तक होनी है। वायु सेना ने भारतीय सेना के साथ चीन की सीमा से लगे उत्तर पूर्व क्षेत्र में हुए 'आकाश पूर्वी' अभ्यास में पहली बार एस-400 को शामिल किया। यूक्रेन से युद्ध के चलते बाकी दो एस-400 की आपूर्ति में देरी होने की संभावना है, इसलिए भारत ने खुद एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम एस-400 बनाने का फैसला लिया है। चीन और पाकिस्तान के खतरे को देखते हुए भारत को ताकतवर रूसी एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की बहुत जरूरत थी। इसलिए पूर्व वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया के कार्यकाल में भारत और रूस के बीच हुए पांच स्क्वाड्रन एस-400 मिसाइल सिस्टम का सौदा 35 हजार करोड़ रुपए में हुआ था। यूक्रेन से युद्ध के बीच रूस अब तक भारत को 3 एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की आपूर्ति कर चुका है, जबकि दो सिस्टम अभी मिलने हैं। तीनों एस-400 को देश की पूर्वी, पश्चिमी और उत्तरी सीमा पर तैनात किया जा चुका है। बाकी दो स्क्वाड्रन की डिलीवरी 2024 तक होनी है, लेकिन यूक्रेन से युद्ध के चलते इनकी आपूर्ति में देरी होने की संभावना है।

**खास बातें**
- 3 स्क्वाड्रन भारत में आ चुके हैं
- 2 की डिलीवरी अगले साल होगी



*2029 तक होगी तैनाती: डीआरडीओ की लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एलआरएसएएम) 2029 तक तैनाती के लिए तैयार हो जाएगी। प्रोजेक्ट 'कुशा' के तहत बनाई जा रही यह मिसाइल 250 किमी रेंज तक फाइटर जेट, मिसाइलों और ड्रोन और 350 किमी रेंज तक एडब्ल्यूईसीएस जैसे बड़े लक्ष्य का पता लगाने में सक्षम होगी। यह स्टील्थ फाइटर जेट्स का भी पता लगाने में सक्षम होगी।*

### रूस से पांच मिसाइल सिस्टम का सौदा 35 हजार करोड़ में हुआ था

#### सतह से हवा में मार करने की क्षमता

*वायु सेना और भारतीय सेना ने पिछले माह चीन की सीमा से लगे उत्तर पूर्व क्षेत्र में 'आकाश पूर्वी' अभ्यास किया, जिसमें सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी के रूसी एस-400 को भी शामिल किया गया। इसके अलावा इस मेगा हवाई अभ्यास में सुखोई-30 एमकेआई, राफेल, स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस और अटैक हेलीकॉप्टर एलसीएच प्रचंड के साथ-साथ जमीनी सैनिक भी शामिल थे। इस अभ्यास ने भारतीय वायु सेना की परिचालन तत्परता को प्रदर्शित किया। वायु सेना ने भगवान श्रीकृष्ण के हथियार 'सुदर्शन चक्र' के नाम पर रूसी एयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम एस-400 का नाम 'सुदर्शन' रखा है।*

#### भारत में 5 और एस-400 स्क्वाड्रन बनेंगे

भारत के पास पड़ोसी देशों से लगी लगभग 15 हजार किमी. लम्बी सीमा की निगरानी के लिहाज से मिसाइल डिफेंस सिस्टम कम हैं, इसलिए भारत ने रूस से पांचों एस-400 की आपूर्ति होने के बाद 'मेक इन इंडिया' योजना के तहत भारत में 5 और एस-400 स्क्वाड्रन का निर्माण किए जाने की योजना है। भारत सिर्फ चीन के साथ 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। ये सीमा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है। ये सरहद तीन सेक्टरों में बंटी हुई है, जिसमें पश्चिमी सेक्टर यानी जम्मू-कश्मीर, मध्य सेक्टर यानी हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड और पूर्वी सेक्टर यानी सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश है।

## खबर संक्षेप

### बेटे के हत्यारे का सुराग देने वाले को 8 करोड़

**तेल शेवा।** एक इजराइली परिवार ने उनके बेटे की हत्या करने वाले हमास आतंकी का सुराग देने वाले को 1 मिलियन डॉलर यानी भारतीय रुपए में 8 करोड़ से अधिक का इनाम देने की घोषणा की है।



दरअसल, तेल शेवा का एक इजराइली-बेडौइन परिवार हमास आतंकवादियों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए 1 मिलियन डॉलर की पेशकश कर रहा है। कारण, 7 अक्टूबर को इजराइल में सामूहिक घुसपैठ और नरसंहार के दौरान उनके बेटे ओसामा अबू असा को आतंकियों ने मार डाला था।

### पूर्व मेयर पेडनेकर ने मांगा 4 हफ्ते का समय

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मुंबई में कोविड काल में बॉडी बैग खरीद में घोटाले की जांच कर रही है। भ्रष्टाचार के इस मामले में ईडी ने मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर को समन किया था। उन्हें 8 नवंबर को ईडी के सामने पेश होना था।



हालांकि, पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने कोविड-19 बॉडी बैग खरीद घोटाले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए चार हफ्ते का समय मांगा है। किशोरी पेडनेकर ने कहा है कि ईडी को जो डॉक्यमेंट्स चाहिए, उन्हें इकट्ठा करने के लिए कुछ समय चाहिए।

### पूर्वी इंडोनेशिया में आया 7 तीव्रता का भूकंप

**जकार्ता।** नेपाल के बाद अब पूर्वी इंडोनेशिया में भी तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।



सिलसिलेवार झटकों से लोग दहशत में आ गए हैं। जानकारी के अनुसार कम आबादी वाली द्वीप श्रृंखला में बुधवार को कई शक्तिशाली और कम तीव्रता के भूकंप के झटके आए। हालांकि भूकंप से अब तक किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। मगर भकूंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7 तक रही है। इससे जान-माल का भारी नुकसान होने की आशंका है।

## मानव तस्करी के मामलों में एनआईए की देश भर में बड़ी कार्रवाई

# तस्कर को दबोचा फिर 10 राज्यों के 55 ठिकानों पर की छापेमारी, 44 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**मानव तस्करी के मामलों की जांच को लेकर एनआईए की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। एनआईए ने 10 राज्यों में संदिग्धों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की है। संदिग्धों के आवासीय परिसर भी जांच के दायरे में हैं।**

मानव तस्करी एक गंभीर और घिनौना अपराध है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को मानव तस्करी के मामलों में 10 राज्यों में 55 ठिकानों पर छापेमारी की है। 44 लोगों को गिरफ्तार भी किया।

इन राज्यों में त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, पुडुचेरी, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। ये छापेमारी संदिग्धों के आवासीय परिसरों और अन्य स्थानों पर देर रात तक चलती रही। टीमों ने संदिग्धों के खिलाफ मंगलवार तड़के ये कार्रवाई शुरू की। पिछले महीने बेंगलुरु से एनआईए की एक टीम ने श्रीलंकाई मानव तस्करी मामले में तमिलनाडु से एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया था।

**इन राज्यों में हुई छापामारी**
- त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, पुडुचेरी, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर
- आरोपी इमरान खान ने बाकी के साथ मिलकर श्रीलंकाई नागरिकों की बेंगलुरु और मंगलुरु में विभिन्न स्थानों पर तस्करी की।

**तस्करों के गिरोह पर जांच टीम की नजर**

**पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने का प्रयास**




### 55 ठिकानों पर की छापेमारी

एनआईए सूत्रों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय संपर्क वाले मानव तस्करों के रैकेट का पता लगाने के लिए एनआईए के अधिकारियों द्वारा इन 10 राज्यों में 55 स्थानों की तलाशी ली है। पिछले महीने बेंगलुरु से एनआईए की एक टीम ने श्रीलंकाई मानव तस्करी मामले में तमिलनाडु से एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया था।आरोपी की पहचान इमरान खान के रूप में हुई है। उसने बाकी के साथ मिलकर श्रीलंकाई नागरिकों की बेंगलुरु और मंगलुरु में विभिन्न स्थानों पर तस्करी की। संघीय एजेंसी ने इसके अंतरराष्ट्रीय आयामों को देखते हुए मामले को स्थानीय पुलिस से अपने हाथ में ले लिया था।

### 5 के खिलाफ आरोप पत्र हो चुका है दायर

एनआईए ने इस मामले में पांच भारतीय आरोपियों- दिनाकरण उर्फ अय्या, कासी विश्वनाथन, रसूल, साथम उशेन और अब्दुल मुहीतु के खिलाफ अक्टूबर 2021 में प्रारंभिक आरोप पत्र दायर किया था। इस साल अक्टूबर के अंत तक कुल 13 संदिग्धों पर आरोप लगाए गए थे। इसी तरह के अन्य मामलों में भी एनआईए जांच कर रही है।




### रोहिंग्या मुसलमान को हिरासत में लिया गया

एनआईए ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के जम्मू और सांबा जिलों में कई स्थानों पर छापेमारी की और म्यांमार से आए एक रोहिंग्या मुसलमान को हिरासत में लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि छापेमारी म्यांमार से आए प्रवासियों की झुग्गियों तक ही सीमित थी और पासपोर्ट अधिनियम के उल्लंघन और मानव तस्करी से संबंधित एक मामले की जांच के संबंध में की गई थी। अधिकारी ने बताया कि जफर आलम को देर रात करीब दो बजे जम्मू के बठिंडी इलाके में उसके अस्थायी आवास से गिरफ्तार किया गया।

## नासा ने किया दावा... जारी की तस्वीरें

# पंजाब से लेकर बंगाल की खाड़ी तक 'जहरीली हवा'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की हवा में हर दिन जहर घुलता जा रहा है। सिर्फ राजधानी की नहीं है। पंजाब से लेकर पाकिस्तान और बंगाल की खाड़ी तक धुंध की चादर दिख रही है। वहीं, मुंबई की एयर क्वालिटी भी बेहद खराब हो गई है। अमेरिकी स्पेस रिसर्च एजेंसी ने कुछ सैटेलाइट तस्वीरें दिखाई हैं, जिससे पता चलता है कि दिल्ली के साथ ही पाकिस्तान से लेकर बंगाल की खाड़ी तक प्रदूषण फैला हुआ है।नासा के वर्ल्डव्यू सैटेलाइट के डेटा से पता चलता है कि उत्तर भारत में खेतों में आग लगने की घटनाओं में तेज वृद्धि के साथ धुंध भी जुड़ी हुई है। 29 अक्टूबर के बाद से खेतों में आग लगने की घटनाओं में तेजी से वृद्धि देखी गई है। राज्य में 29 अक्टूबर को 1,068 खेतों में आग लगने की घटनाओं के साथ 740 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई - जो मौजूदा कटाई के मौसम में एक दिन में सबसे अधिक है।

### सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को लगाई फटकार

इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारों से कहा है कि वे केंद्र के साथ तत्काल चर्चा करें कि खेतों में आग कैसे रोकी जाए। शीर्ष अदालत ने कहा है कि वह इसे राजनीतिक लड़ाई नहीं बनने दे सकती। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि दम घोंटू एयर क्वालिटी लोगों के स्वास्थ्य की हत्या के लिए जिम्मेदार है।वहीं दूसरी तरफ बढ़ते प्रदूषण के बीच दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान लागू किया जा चुका है। इस बीच राजधानी में डीजल ट्रकों और निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं, केजरीवाल सरकार ने 13 से 20 नवंबर तक ऑड-ईवन फॉर्मूला लागू करने का ऐलान भी किया है।

### दिल्ली के कुछ इलाकों में एक्यूआई

दिल्ली में बुधवार सुबह कुछ इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स 500 तक पहुंच गया। दिल्ली पिछले छह दिनों से दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की लिस्ट में टॉप पर बनी हुई है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक, बुधवार सुबह 7 बजे पंजाबी बाग में एक्यूआई 460, बवाना में 462, आनंद विहार में 452 और रोहिणी में 451 रिकॉर्ड किया गया। आनंद विहार में 7 नवंबर को रात 10 बजे एक्यूआई 999 पहुंच गया था।

## दुर्ग पुलिस और यूपी एटीएस ने की कार्रवाई

# एटीएस ने संदिग्ध आतंकी को भिलाई से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आरोपी वजीहउद्दीन के खिलाफ यूपी झांसी में धारा 121(।), 122 और 13, 18 18(ठ), 38 विधि के खिलाफ क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम 1967 थाना एटीएस लखनऊ ने जुर्म दर्ज है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि फिरदौस नगर जनपद अलीगढ़ यूपी जो हाल ही में स्मृति नगर निवासी अभियुक्त वजीहउद्दीन पिता वहीउद्दीन इदरीश पकड़ा गया है। लखनऊ उत्तर प्रदेश की एटीएस टीम ने अभियुक्त वजीहउद्दीन रूप में खोजते हुए भिलाई पहुंची थी। पिछले 24 घंटों से सर्च ऑपरेशन करने के बाद दुर्ग पुलिस और यूपी पुलिस टीम ने वजीहउद्दीन को पकड़ा गया। दुर्ग पुलिस ने आरोपी वजीहउद्दीन को गिरफ्तार कर यूपी पुलिस के एटीएस के हवाले कर दिया। मंगलवार रात की घटना है। आरोपी वजीहउद्दीन से पुलिस पूछताछ करने पर बताया कि एसएएमयू (स्टूडेंट आफ अलीगढ़ मुस्लिम विवि) से जुड़ा है।



## महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण पर हंगामा

# आरक्षण नहीं दिया तो नेताओं के नाम भी खोलेंगे: जरांगे

एजेंसी ▶▶ छत्रपति संभाजीनगर

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण को लेकर हंगामा जारी है। कार्यकर्ता मनोज जरांगे नेदावा किया कि मराठा नेताओं ने पूर्व में समुदाय के लिए आरक्षण का समर्थन नहीं किया और आरक्षण न देने के लिए सरकार पर 30-40 सालों से ओबीसी नेताओं का भी दबाव था। जरांगे ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित एक निजी अस्पताल में संवाददाताओं से कहा, अगर हमें 24 दिसंबर तक आरक्षण नहीं दिया गया तो हम इन नेताओं के नामों का खुलासा करेंगे।

### कुनबी प्रमाणपत्र दिया जाना भी शामिल

जरांगे की मांगों में मराठाओं को कुनबी प्रमाणपत्र दिया जाना भी शामिल है, जिससे उन्हें ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण मिल सके। महाराष्ट्र के मंत्री और राकांपा (अजित पवार गुट) के नेता छगन भुजबल ने सोमवार को कहा कि ओबीसी श्रेणी के तहत मराठा समुदाय को आरक्षण देने के "पिछले दरवाजे" से होने वाले प्रयासों का विरोध किया जाएगा।



## सेना-हमास की लड़ाई पर यूएन ने दी चेतावनी

# गाजा को बना दिया मासूमों का कब्रिस्तान 10 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

इजराइल-हमास जंग 1 महीने से जारी है। गाजा में विनाश हुआ है। हर जगह अफरा-तफरी मची हुई है। इस हमले में 10 हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। इसमें 4,104 बच्चे भी मारे गए और लगभग 1,270 बच्चे लापता बताए गए हैं। लगातार बमबारी से गाजा में बच्चों के मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है, क्योंकि गाजा दुनिया की सबसे अधिक बच्चों की आबादी वाला शहर है। यहां 47 प्रतिशत 18 साल से कम उम्र के बच्चे हैं।



#### 6 नवंबर तक 4,104 मारे गए बच्चे

*रिपोर्ट के मुताबिक 6 नवंबर तक 4,104 बच्चे मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों का अनुमान है कि 5 नवंबर तक लगभग 1,270 बच्चे लापता बताए गए हैं यानी वे मलबे में फंसे हो सकते हैं।*

### गाजा में मानवीय संकट अधिक डरावना

न्यूयॉर्क में गुटेरेस ने कहा कि गाजा में मानवीय संकट अधिक डरावना होता जा रही है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय समुदायों को गाजा में मानवीय सहायता का विस्तार करने के लिए सामने आना चाहिए। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कई बार चेतावनी दी है कि बिजली, ईंधन, भोजन और साफ पानी की कमी से मानवीय संकट बढ़ता जाएगा।

## लापरवाही से चलाई कार, फुटपाथ पर चढ़ गई

# ऑस्ट्रेलिया में भीषण सड़क हादसे में हुई भारतीय मूल के 5 लोगों की दर्दनाक मौत

एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया में भीषण सड़क हादसे में 5 भारतीय मूल के लोगों की मौत की खबर है। जानकारी के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में एक पब के बाहरी हिस्से में बनाए गए भोजन करने के स्थान पर एसयूवी कार के घुसने से दो बच्चों सहित भारतीय मूल के दो परिवारों के पांच सदस्यों की मौत हो गई। रिपोर्ट रविवार रात को फुटपाथ पर बीएमडब्ल्यू कार चढ़ गई और उसने रॉयल डेलेसफोर्ड होटल के सामने के लॉन में खाना खा रहे लोगों को टक्कर मार दी।




### ये हैं भारतीय मूल के मृतकों के नाम

मृतकों में विवेक भाटिया (38), उनका बेटा विहान (11), प्रतिभा शर्मा (44), उनकी बेटी अवनी (9) और साथी जतिन चुघ (30) की मौत हो गई। खबर के मुताबिक, शर्मा और उनका परिवार, दूसरे पारिवारिक मित्रों भाटिया और उनके बेटे विहान के साथ छुट्टी मनाने आया था। घटना में भाटिया की 36 वर्षीय पत्नी रुचि और उनके 6 वर्षीय बेटे अबीर को अस्पताल ले जाया गया है।

## काफिले पर आतंकियों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

# फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास पर हुआ हमला

एजेंसी ▶▶ वेस्ट बैंक

फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास पर बुधवार को जानलेवा हमला हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आतंकियों ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के काफिले की कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या करने की कोशिश की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब्बास को 'सन ऑफ अबु जंदाल' ने इजराइल के खिलाफ जंग का एलान करने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। इस आतंकी संगठन ने ऐसा न करने पर अब्बास को अंजाम भुगतने की धमकी भी दी थी। इस डेडलाइन खत्म होने के बाद अब्बास के काफिले पर हमला किया गया जिसमें फिलिस्तीन के राष्ट्रपति बाल-बाल बच गए। बता दें कि 'सन ऑफ अबु जंदाल' ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है।

**अब्बास पर 'सन ऑफ अबू जंदाल' नाम के आतंकी गुट ने जानलेवा हमला किया है और उनके काफिले पर गोलियां बरसाई हैं।**

- अब्बास को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था
- आतंकियों ने डेड लाइन खत्म ही हमला किया
- 'सन ऑफ अबू जंदाल' के आतंकी संगठन की वारदात
- एक गोली अब्बास के गार्ड को लगी



### आतंकी हमले का वीडियो आया



आतंकी गुट के हमलावरों द्वारा राष्ट्रपति के काफिले पर हमले का वीडियो भी सामने आया है।

**गाजा के लोग घर छोड़कर दक्षिण तरफ चले गए**

*गाजा में इजराइल लगातार हवाई हमले कर रहा है और यहां की करीब 23 लाख आबादी में से अधिकांश लोग इजराइली आदेश के अनुसार अपने घर छोड़कर दक्षिणी भाग की ओर चले गये हैं, लेकिन वहां भी बमबारी जारी है। पूरे इलाके में खाने-पीने के सामान, दवाइयों, ईंधन और पानी की भारी कमी है।*

### गाजा पर कब्जा करना चाहता है इजराइल

हमास के साथ युद्ध के एक महीना पूरा होने पर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि इस जंग के बाद इजराइल गाजा में अनिश्चित काल तक के लिए 'समग्र सुरक्षा जिम्मेदारी' लेगा। उनके इस बयान के बाद माना जा रहा है कि इजराइल गाजा पट्टी को पूरी तरह से अपने कब्जे में लेना चाहता है। एक इंटरव्यू के दौरान नेतन्याहू ने यह भी कहा था कि वह हमलों को 'थोड़ी-थोड़ी देर के लिए रोकने' को तैयार हैं, ताकि हमास द्वारा 7 अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमले के दौरान बंधक बनाए गए 240 से अधिक लोगों की रिहाई सुनिश्चित की जा सके।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com